हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● बुधवार ● 12.02.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 201 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एआई पर वैश्विक साझीदारी में विकासशील देशों के हितों का ध्यान रखना जरूरी : मोदी



एजेंसी

**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के रचनात्मक इस्तेमाल के लिए वैश्विक साझीदारी को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ (विकासशील और गरीब देशों) के हितों के समावेशन पर जोर दिया और भारत में अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी में करने की भी पेशकश की। श्री मोदी ने पेरिस के ग्रांड पैलेस में आयोजित एआई समिट की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रों के साथ सह अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने अपने समापन संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज की चर्चाओं ने हितधारकों में दृष्टि में एकता और उद्देश्य में एकता सिद्ध की है। उन्होंने कहा, मैं 'एआई फाउंडेशन' और 'सतत एआई के लिए परिषद' स्थापित करने के निर्णय का स्वागत करता हूं। मैं फ्रांस और मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैक्रों को इन पहलों के लिए बधाई देता हूं और हमारे पूर्ण समर्थन का आश्वासन देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें 'एआई के लिए वैश्विक साझीदारी' को वास्तव में प्रकृति में वैश्विक बनाना चाहिए। यह वैश्विक दक्षिण और इसकी प्राथमिकताओं, चिंताओं और जरूरतों को अधिक समावेशी होना चाहिए।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने आरंभिक संबोधन में कहा कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें ध्यान से सोचने की आवश्यकता है। एआई पहले से ही हमारी राजनीति, हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को फिर से आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है, लेकिन, यह मानव इतिहास में अन्य प्रौद्योगिकी मील के पत्थर से बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि एआई अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहा है और अपनाया जा रहा है और भी तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सीमाओं के पार एक गहरी अंतर-निर्भरता भी है। इसलिए, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखते हैं, जोखिमों को दूर करते हैं और विश्वास का निर्माण करते हैं। लेकिन, शासन केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता के प्रबंधन के बारे में नहीं है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक कल्याण के लिए इसे तैनात करने के बारे में भी है। इसलिए, हमें गहराई से सोचना चाहिए और नवाचार और शासन के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एलिजे पैलेस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों नेता पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे से गले मिले तथा हाथ मिलाया।

### भारत के ऊर्जा क्षेत्र के महत्वाकांक्षी लक्ष्य किए जाएंगे हासिल : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लक्ष्य लोगों को भले ही महत्वाकांक्षी लगते हो, लेकिन इस क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों से विश्वास जगा है कि ये लक्ष्य जरूर हासिल होंगे। श्री मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र पर भारत के प्रतिष्ठित सम्मेलन -इंडिया एनर्जी वीक का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत ऊर्जा के मामले में भारत ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारी आर्थिक वृद्धि को शक्ति देने के साथ साथ हमारी प्रकृति को भी समृद्धि करने वाले हों। उन्होंने उर्ज क्षेत्र के विकास और कार्बन उत्सर्जन में कमी के भारत के लक्ष्यों के बारे में कहा, हमारे ये लक्ष्य काफी महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन बीते 10 साल में जो भारत ने हासिल किया है, उससे ये विश्वास पैदा हुआ है कि ये लक्ष्य भी हम जरूर हासिल कर लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस समय फ्रांस की यात्रा पर है। उन्होंने सम्मेलन को आडियो विजुअल कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से संबोधित किया। जिसमें केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य, अधिकारी विभिन्न देशों के राजनयिक, देश विदेश की ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

## सीओ ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर आवेदन रिजेक्ट किया तो होगी कार्रवाई : मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने वाले सीओ पर अब कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य होगा। मंत्री बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक में संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर, अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। इसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें। मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाए। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रुम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है।

एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि पदाधिकारी लैंड एकयूजेशन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें। विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। कमजोर प्रदर्शन करने वाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया। मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें। बैठक मंत्री दीपक बिरुआ के अलावा सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर


#### 18 फरवरी को होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक




**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 18 फरवरी को शाम 4 बजे से झारखंड मंत्रालय में होगी। बैठक मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिले की तारीख बढ़ी, 20 फरवरी तक कर सकेंगे आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दाखिल के लिए स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी गयी है। पहले यह तारीख 10 फरवरी तक तय थी, लेकिन अब छात्रों को थोड़ा और समय मिल गया है। जानकारी हो कि झारखंड में इस समय 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चल रहे हैं, और सरकार आने वाले दिनों में 4000 से ज्यादा ऐसे स्कूल खोलने की योजना बना रही है। ये स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर चलते हैं और यहां छात्रों को आधुनिक सुविधाएं दी जाती हैं। इन स्कलों में स्मार्ट क्लास की सुविधा है। लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और मैथ्स लैब है। पुस्तकालय और खेल-कूद की अच्छी व्यवस्था, हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पढ़ाई, खासतौर पर अंग्रेजी बोलने पर जोर दिया जाता है।

## इरफान अंसारी तिलका मांझी की 275वीं जयंती पर पहुंचे मिहिजाम, अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जामताड़ा :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मिहिजाम के मुर्गाटोना में बाबा तिलका मांझी की 275वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, उन्होंने सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि तिलका मांझी भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी समाज के हितों के लिए संघर्ष किया। जब अंग्रेजों ने आदिवासियों पर नील की खेती का दबाव डाला, तो तिलका मांझी ने इसका विरोध किया, जो एक बड़े आंदोलन में बदल गया। मंत्री ने बताया कि अंग्रेजों ने तिलका मांझी को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटे। आखिरकार, अंग्रेजों ने उन्हें पकड़कर फांसी दे दी। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज उनके बलिदान को सम्मान के साथ मनाता है और उनके संघर्ष के परिणामस्वरूप अब आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए नए कानून बनाए जा रहे हैं। हेमन्त सोरेन की सरकार आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है।

## सासाराम में 35 किमी लंबा जाम, महाकुंभ जाने वाले गाड़ियों में फंसे लोग, खाने-पीने की किल्लत

एजेंसी



**प्रयागराज/सासाराम :** आस्था के सबसे बड़े संगम यानि महाकुंभ में लोग देशभर से पहुंच रहे हैं। यूपी हो या फिर बिहार महाकुंभ जाने वाली सड़के जाम से अटी पड़ी है। बिहार के सासाराम में नेशनल हाइवे पर 35 किलोमीटर लंबा जाम लगा है। इस जाम में हजारों गाड़ियां फंसी हुई है। जिस वजह से लोग रास्ते में फंसे हुए हैं। सड़क के रास्ते महाकुंभ जा रहे लोगों को जाम में फंसने की वजह से खाने-पीने की भी दिक्कतें हो गई। हालात ये हो गए कि लोगों को अपनी गाड़ियों में ही रात गुजारनी पड़ी। लोग प्रशासन से गुहार लगाते नजर आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस की तरफ से जाम हटाने की तमाम कोशिशे की जा रही है।

### अयोध्या में जाम से बुरे हालात

महाकुंभ में संगम स्नान के लिए आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ पड़ा है, कि कई हाईवे पर यातायात की स्थिति बेहद खराब है। लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में दस-दस घंटे लग रहे हैं। लाखों वाहन रोजाना जाम में फंस रहे हैं। प्रशासन जाम की समस्या से निपटने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। प्रयागराज के महाकुंभ की वजह से अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने के बाद बहुत से श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर दर्शन को पहुंच रहे हैं। जिस वजह से अयोध्या पहुंचने के सारे संपर्क मार्ग नेशनल हाईवे सभी मार्गों पर गाड़ियों का भारी जाम लगा हुआ है।

### अयोध्या में लाखों की भीड़ को 30 किमी पहले रोका

अयोध्या में लाखों की भीड़ को 30 किलोमीटर पहले रोका गया है। प्रयागराज अयोध्या धाम के रास्ते मे 20 किलोमीटर पहले एक होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जिसमें 4 से 6 घंटे तक लोगों को यहां रोक जा रहा है। इस व्यवस्था से अयोध्या में एकाएक भीड़ ना पहुंच जाए, ये सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रयागराज से अयोध्या की दूरी 160 किलोमीटर है जिसको तय करने में 10 से 12 घंटे लग रहे थे। इस ट्रैफिक मैनेजमेंट के जरिए प्रयागराज से अयोध्या आ रही भीड़ को बीकापुर इलाके में रोक दिया जा रहा है। जैसे जैसे अयोध्या में भीड़ छंट रही है, वैसे वैसे बीकापुर से छोड़ी जा रही है। इससे शहर के अंदर जाम पर भी नियंत्रण है और जिन यात्रियों को एक निश्चित स्थान पर रोका गया है, उन्हें भी खाने पीने और शौचालय की व्यवस्था मिलने से सुविधा हासिल हो रही है।

### सीएम योगी ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई

बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। महाकुंभ में देश के कोने-कोने से लोग अपनी निजी गाड़ियों, रोडवेज की बसों, और प्राइवेट बसों से परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत लोग निजी साधनों से मेले में आ रहे हैं। हाईवे पर लगातार जाम के कारण लोग कई दिनों से परेशान हैं। जाम का मुख्य कारण बैरिकेडिंग लगाकर जगह-जगह वाहनों को रोका जाना बताया जा रहा है।

### महाकुंभ से लौट रही बस को ट्रक ने मारी टक्कर,सात श्रद्धालुओं की मौत

**जबलपुर :** नागपुर-प्रयागराज हाई-वे पर दर्दनाक हादसा हो गया। महाकुंभ से लौट रही ट्रैवलर बस को एक बेकाबू ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान एक कार भी ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में बस में सवार हैदराबाद (तेलंगाना) के रहने वाले सात श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि हादसा बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार और सभी परिजनों से संपर्क कर शवों को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

## तेजस के इंजन मिलने पर बनी सहमति, वायु सेना को जल्द मिलेगी 83 विमानों की खेप : एचएएल



एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय वायु सेना को मिलने वाले 83 स्वदेशी लड़ाकू विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। तेजस के लिए अमेरिकी कंपनी जीई से मिलने वाले इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गयी है और पहला इंजन इस वर्ष मार्च में तथा इस वर्ष के अंत तक कुल 12 इंजन मिल जायेंगे। तेजस का निर्माण करने वाली हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कहा है कि इंजन 404 के साथ साथ तेजस मार्क वन के लिए इंजन 414 की आपूर्ति सुचारू होने पर वह 2031-32 तक सभी 180 तेजस विमानों की आपूर्ति कर देगी। एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक डी के सुनील ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जीई के साथ शीर्ष स्तर पर बातचीत हुई है और इंजन 404 की आपूर्ति पर सहमति बन गयी है। उन्होंने कहा कि पहला इंजन इस वर्ष मार्च में और बाकी 11 इस वर्ष के अंत तक मिल जाएंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तेजस मार्क वन के इंजन 414 को लेकर पिछले सप्ताह एचएएल की बोस्टन में जीई के साथ बात हुई है। एचएएल ने जीई से कहा है कि वह पहले इंजन के लिए 80 प्रतिशत प्रौद्योगिकी हंस्तांतरण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे और उसके बाद इसकी कीमत पर बात की जायेगी। उन्होंने कहा कि हमने अपने सभी बिन्दुओं से जीई को अवगत करा दिया है और अब उनके जवाब का इंतजार है। दुर्घटना के बाद से ग्राउंडेड यानी उड़ान नहीं भर रहे हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर (एएलएच) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच में पता चला है कि उसकी स्वाश प्लेट टूट गयी थी। अभी दुर्घटना के कारणों की जांच में तीन सप्ताह का समय और लगेगा इसके बाद पूरी स्थिति साफ होगी तथा इसकी उड़ान शुरू करने के बारे में निर्णय लिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इतना तय है कि हेलिकॉप्टर के डिजाइन में किसी तरह की खामी नहीं है। उन्होंने कहा कि पायलटों के प्रशिक्षण से संबंधित पहलू पर भी ध्यान दिया जायेगा। उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान एमका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका काम तेजी से हो रहा है और इसका प्रोटोटाइप तीन वर्ष में उड़ान भरने के लिए तैयार हो जायेगा।

श्री सुनील ने कहा कि एचएएल प्रौदयोगिकी और अनुसंधान पर बड़ा निवेश कर रही है और उसका लक्ष्य अब निर्यात बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनेक देशों के साथ विभिन्न स्तर पर बातचीत चल रही है। इसके लिए एचएएल विदेशों में अपने कार्यालय खोलने की दिशा में भी काम कर रही है।

## एक नजर

### सामुदायिक अस्पताल चौपारण के नए प्रभारी बने डॉ सतीश कुमार

**चौपारण** : सामुदायिक अस्पताल चौपारण में मंगलवार को नए प्रभारी के रूप में डॉ सतीश कुमार ने पदभार संभाला। अस्पताल में डॉ सतीश 3 साल से लगातार जनरल फिजिशियन एवं सर्जन के रूप में सेवा दे रहे थे। डॉ सतीश एमबीबीएस के साथ एमडी भी है। जिससे चौपारण प्रखंड के जनता को बेहतर उपचार की सुविधा भी मिलेगी। डॉ सतीश कुमार ने कहा प्रखंड के सभी लोग मेरे लिए समतुल्य है। इस अस्पताल में मैं सच्चे भावना से जनता का सेवा करते आया हूं और आगे भी करूंगा। बताते चले पूर्व प्रभारी डॉ भुनेश्वर गोप अपनी आगे की पढ़ाई के लिए अवकाश पर जा रहे है।

### महाकुंभ से लौट रहे घनश्याम साहू बरही से लापता

**बरही** : रांची बुढ़मू प्रखंड के ठाकुर गांव निवासी घनश्याम साहू सोमवार सुबह से लापता हैं, जिससे उनके परिजन बेहद चिंतित हैं। वे महाकुंभ से लौट रहे थे और रास्ते में बरही में जाम लगने के कारण अपनी स्कॉर्पियो से नीचे उतरे थे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों के अनुसार घनश्याम साहू के अचानक लापता हो जाने से घर में चिंता का माहौल है। उनके बेटे सूरज कुमार गुप्ता ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी उनके बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत परिजनों को सूचित करें। परिवार ने प्रशासन से भी मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की गुजारिश की है, ताकि घनश्याम साहू को सुरक्षित घर लाया जा सके। परिजन और स्थानीय लोग लगातार उनकी तलाश कर रहे हैं और आमजन से अनुरोध किया गया है कि अगर किसी को भी घनश्याम साहू के बारे में कोई सूचना मिले तो 9097611204, 8210166895, 7979037363 पर संपर्क कर जानकारी देने की अपील की।

### कांग्रेस ओबीसी प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बने सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग** : कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव जी ने हजारीबाग निवासी प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के नेता सुरजीत नागवाला को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू जी ने पत्र देकर जानकारी दी और बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी ने कहा कि सुरजीत नाग वाला जैसे युवा के आने से निश्चित ओबीसी प्रदेश कांग्रेस कमेटी मजबूत होगी और ज्यादा से ज्यादा लोग ओबीसी कांग्रेस में जुड़ेंगे। ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू जी ने कहा कि सुरजीत नाग वाला के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर निश्चित तौर पर कांग्रेस की नीति और सिद्धांत घर-घर तक पहुंचेगी।

### कर्णपुरा इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**बड़कागांव** : कर्णपुरा इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव थाना की सब-इंस्पेक्टर सावित्री कच्छप तथा विशेष अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, समाजसेवी सोनू इराकी और सोहेल खलीफा उपस्थित रहे।समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के संस्थापक सह सचिव प्रो. रामसेवक ने की जबकि संचालन कक्षा 11 की छात्रा ममता कुमारी ने किया।

# हजारीबाग की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना मेरा कर्तव्य है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर का ऐतिहासिक मिशन ग्राउंड अब और अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक बनने जा रहा है। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के विशेष प्रयासों से इस मैदान के सुंदरीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंगलवार को विधायक स्वयं नगर निगम के नगर आयुक्त, सदर सीओ और अन्य अधिकारियों के साथ मिशन ग्राउंड पहुंचे और कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मैदान की सफाई, आधारभूत संरचनाओं के विकास और सुविधाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा हो,ताकि जनता जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ उठा सके। इस अवसर पर सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बेक सहित कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। मिशन ग्राउंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना के तहत जिसमें मैदान की संपूर्ण सफाई और समतलीकरण,मस्ट लाइट्स की स्थापना, जिससे रात में भी लोगों को सुरक्षित माहौल मिले, सुंदर उद्यान (गार्डन) और हरियाली का विकास, जिससे वातावरण शुद्ध और सौंदर्यपूर्ण बने,बुजुर्गों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था, जिससे वे भी आराम से समय व्यतीत कर सकें, युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए सुविधाओं का विस्तार, ताकि यह एक बहुपयोगी खेल परिसर के रूप में विकसित हो सके,पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार, जिससे लोगों को बेहतर अनुभव मिले। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना मेरा कर्तव्य है। मिशन ग्राउंड न केवल खेल प्रेमियों का प्रमुख केंद्र है,बल्कि यह शहर के सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी मुख्य स्थल है। इसके सुंदरीकरण से हजारीबाग को एक बेहतरीन सार्वजनिक स्थल मिलेगा, जहां हर वर्ग के लोग लाभान्वित होंगे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर निगम के नगर आयुक्त और सदर सीओ ने भी इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मिशन ग्राउंड के सुंदरीकरण की शुरूआत से स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों में उत्साह देखा गया। क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों और स्थानीय लोगों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त किया। लोगों का मानना है कि इस कार्य से शहर के विकास को नई गति मिलेगी और यह ग्राउंड हजारीबाग की एक नई पहचान बनेगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा कर जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस पर हमला करने के दोषियों पर हो कड़ी करवाई : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में जारी बजट सत्र-2025 के दौरान मंगलवार को लोकसभा के माध्यम से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने समस्त देश के समक्ष हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड राज्य में लगातार हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं को विस्तार से सदन पटल पर पुरजोर तरीके से रखा और इस ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड राज्य में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार के प्रति केंद्र सरकार का ध्यान दर्शाने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। अभी हाल ही में बीते सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के सोसो कला गांव में महिलाएं और बच्चे जुलूस लेकर विसर्जन करने के लिए जा रहे थे तभी बच्चों पर पथराव किया गया जिससे एक बेटी बहुत गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में केस तो हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि उल्टा काउंटर केस पुलिस के तरफ से हिंदू समाज पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार साल 2022 में सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग जिले के बरही के रूपेश पांडेय की हत्या कर दी है और हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव के महुदी गाँव में आजादी के बाद से एक सड़क विशेष पर रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है एक समुदाय विशेष द्वारा रोका जाता रहा है। यह भारत गणराज्य का सड़क है और हर सड़क पर हर व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति है। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल से लोकसभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपका डिमांड क्या है तो उन्होंने स्पष्टता के साथ कहा कि मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार ऐसे मामले पर हस्तक्षेप करें और हिंदुओं पर झारखंड में हो रहे अत्याचार पर कारवाई कराएं साथ ही महुदी में रामनवमी जुलूस को संपादित कराएं। ज्ञात हो कि बीते रविवार को ही सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित ग्राम सोसो कला के सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में घायल पीड़ितों की सुध लेने यहां पहुंचे थे। उन्होंने यहां घटना की पूरी जानकारी ली और यहां उपस्थित प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को 15 दिन के अंदर दोषियों पर कार्रवाई करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि अगर 15 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र जनांदोलन को बाध्य होंगे।

## अफीम की खेती पर चला वन विभाग का डंडा, किया नष्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : चौपारण मे अफीम की खेती पर पुलिस और वन विभाग की लगातार कार्यवाई से अफीम तस्करो मे ब्याकुलता मच गई है। बता दे की चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, वन विभाग के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार पूरी तरीके से चौपारण को अफीम मुक्त करने में लग गए है। इस बार पोस्ता की खेती को पूरी तरह नष्ट कर दम लेंगे। इसी क्रम मे प्रादेशिक वन विभाग ने चौपारण के काला पहाड़ जंगल में लगभग छः एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। वही दूसरी तरफ वन प्राणी के गरमोरवा के जंगल में लगभग दो एकड़ पोस्ता की खेती को नष्ट किया। अभियान में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार, गोंझू, कृष्ण प्रसाद महतो गृह रक्षक उमेश कुमार, अशोक शाही एवं वन प्राणी के जैनेंद्र कुमार एवं कुलदीप महतो सहित प्रक्षेत्र के सभी दैनिक कर्मी शामिल थे। वही प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने कहा की काला पहाड़ में बसे लोगों का सत्यापन कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## हजारीबाग में हाथियों का आतंक, तोड़ा मकान, क्षेत्र में दहशत का माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : जिले में हाथी का आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है बीते रात्रि 20 हाथियों के झुण्ड ने बभनवय के चेहला गांव में पत्रकार दीपक कुमार का घर गिरा दिया जहां वे खेती करते थे एक डोभा और चार एकड़ में लगे टमाटर के फसल को नष्ट कर दिया इससे कुछ दिन पहले एक महिला की कुचल कर जान ले लिया। जिले मे हाथियों से मौत का यह आकड़ा बढ़ते ही जा रहा है दर असल पिछले तीन माह से हाथियों का झुण्ड इन दिनों चेहला वन क्षेत्र मे विचरण कर रहा है वन विभाग चुप्पी साधे हुए है, गांव के लोग कई बार हाथियों को भगाने का प्रयास किया लेकिन इसके बावजूद हाथियों के झुंड ने जंगल और गांव के आस पास घूम घूम कर रह गया है कईयों के घर मकान फसल और हाथियों के चपेट में हैं, अब इंसान भी आ रहे है हाथियों के निशाने पर, इंसान को देख कर हाथी हमलावर हो जा रहे है। बीती रात्रि हाथी का झुण्ड सदर प्रखंड के कई गांव क्षेत्र मे पहुंच गया और दीपक कुमार पत्रकार के घर और फसल बर्बाद कर दिया। घटना की जानकारी कई बार वन विभाग की टीम को दी गई लेकिन लोग बहाना बना कर टाल दिए। इधर क्षेत्र मे लगातार घट रही घटना के बीच ग्रामीणों का वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। अब बाध्य हो कर लोग रोड जाम करने और वन विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का मन बना रहे हैं।

## पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराएं परीक्षाओं का आयोजन : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : 11 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड अधिविध परिषद के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत मंगलवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार विमल के साथ बरही जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीओ एवं एसडीपीओ के द्वारा रामनारायण यादव मेमोडियल कॉलेज, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर एसडीओ एवं एसडीपीओ द्वारा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरे आदि का भी जायजा लिया गया। एसडीओ जोहन टुडू ने केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमावली का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि हर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम रहेगा। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

# जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : समाज को नशे की चपेट से मुक्त कराने और युवाओं को एक सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से हजारीबाग जिला प्रशासन और हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त नैंसी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नई उम्मीद है, जो आने वाले समय में हजारीबाग को नशामुक्त जिला बनाने में सहायक साबित होगा। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना और पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से उन लोगों की मदद करना है, जो पहले से नशे के शिकार हो चुके हैं। हजारीबाग, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत और शैक्षिक वातावरण के लिए जाना जाता है, हाल के वर्षों में नशे की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। युवाओं में नशे की लत एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है, जिसके चलते अपराधों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इस समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से एक व्यापक अभियान शुरू किया है, जिसमें शिक्षा, जागरूकता, पुनर्वास और कानूनी पहलुओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों से जुड़े कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें उपायुक्त महोदया, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद (प्रतिनिधि) सह नशा मुक्ति संरक्षक मनीष ठाकुर, गुरुकुल कोचिंग संस्थान के संस्थापक सह नशा मुक्ति केंद्र संरक्षक जे.पी. जैन, नशा मुक्ति केंद्र संरक्षक सह शमा लाइब्रेरी ट्रस्ट के सचिव मो. मुस्तकिम उर्फ (मंडुल) प्रमुख थे। इस अभियान का प्रमुख संदेश हजारीबाग को उड़ता पंजाब बनने से बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारीऱ रहा। यह संदेश सीधे तौर पर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा। एक ओर जहां नशे के कारण पंजाब में युवाओं की पूरी पीढ़ी बर्बाद हो चुकी है, वहीं हजारीबाग प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं इस समस्या को शुरू में ही रोकने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में सुफिया नाज की भूमिका भी सराहनीय रही, जिन्होंने अपने विचारों और समर्थन से इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाया। इस अभियान में नेहाल अहमद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने इस मुहिम को गति देने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी। उनके नेतृत्व और समर्पण ने कई युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकलकर एक सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ अंचल समिति के 11 पदों हेतु निर्वाचन को लेकर चुनाव आज

**हजारीबाग** : झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ हजारीबाग अंचल समिति के 11 पदों हेतु निर्वाचन को लेकर महासचिव, झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ रांची झारखंड द्वारा 10.02.2025 को जारी पत्र के आलोक में सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता को निर्वाचन हेतु एक पत्र जारी किया। जिसमें पथ निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल संसाधन विभाग, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड पुलिस हाउसिंग बोर्ड, राष्ट्रीय उच्च पद के लिए नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन के लिए हजारीबाग अंचल समिति को अध्यक्ष का एक पद, सचिव एक पद, संयुक्त सचिव एक पद, कोषाध्यक्ष एक पद और कार्यकारिणी सदस्य का सात पद के आवेदन हेतु निर्वाचन के लिए पत्र जारी कर निर्देशित किया है। वही सभी इच्छुक एवं पात्र अभियंता बंधुओ से अनुरोध किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं अध्यक्ष पद हेतु पात्रता न्यूनतम कार्यपालक अभियंता स्तर के कार्यरत अधिकारी एवं अन्य पदों हेतु सभी स्तर के कार्यरत अभियंता को निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। बताते चलें कि 23 जनवरी को केंद्रीय झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ रांची की नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को आयोजित प्रथम कार्यकारिणी समिति की बैठक में चार नए सदस्यों को सहयोजित कर समिति का विस्तार किया गया है। 9 फरवरी को द्वितीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि संघ की आधारभूत शक्ति क्षेत्रीय इकाइयों से प्राप्त होती है। अतः संघ के संविधान के अनुरूप हजारीबाग अंचल समिति के विभिन्न पदों हेतु निर्वाचन का आयोजन झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ के केंद्रीय समिति के तत्वाधान में संपन्न होगा। इसको लेकर झील रोड हजारीबाग स्थित मुख्य अभियंता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग में निर्वाचन पदाधिकारी सेवानिवृत ई सियारंजन सिंह, सेवानिवृत ई सत्येंद्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत ई मनोज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में चुनाव बधवार को संपन्न करायी जाएगी।

### स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनक्यूएएस मूल्यांकन के परिणाम घोषित

**हजारीबाग** : एनएचएसआरसी, स्वास्थ्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा हजारीबाग चार सुविधाओं के एनक्यूएएस मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए हैं। यह बहुत गर्व की बात है कि हजारीबाग में सभी सुविधाओं को पूर्ण प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर करियातपुर, ब्लॉक इचाक ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए झारखंड में सबसे अधिक 93.12 अंक प्राप्त किए हैं। इस कार्य के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वास्थ्य विभाग एवं डीएमएफटी हजारीबाग की टीम को बधाई दी है। जिला को यह उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपायुक्त के पूर्ण सहयोग तथा उल्लेखनीय सोच का परिणाम बताया एवं उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को धन्यवाद दिया। जिले के 28 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को डीएमएफटी द्वारा आईपीएचएस मानकों के अनुसार उपकरण, दवाएं और कंज्यूमेबल्स उपलब्ध कराए गए हैं, जो एनक्यास के राष्ट्रीय प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, 17 केंद्रों के लिए सक्षम पोर्टल पर राष्ट्रीय प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया गया है, जिनमें से 10 सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय प्रमाणीकरण का कार्यक्रम परिणाम जारी किया गया है। इनमें से 4 का प्रमाणीकरण हो चुका है, 4 का परिणाम लंबित है, और 2 का मूल्यांकन इसी महीने होना है।

### डायलिसिस के नियमों के विपरीत मरीजों की जान के साथ हो रहा है खिलवाड़ : रंजन चौधरी



**हजारीबाग** : हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित डीसीडीसी किडनी केयर के डायलिसिस यूनिट में नियमों को ताख पर रखते हुए डायलिसिस किया जा रहा है। पिछले करीब 5 महीने से यहां बिना डॉक्टर के यहां टेक्नीशियन डायलिसिस करते हैं। ऐसे में डॉक्टर की अनुपस्थिति में जरूरतमंद मरीजों का डायलिसिस किया जाना, उनका ब्लड चढ़ाया जाना और जरूरत के मुताबिक दवाई टेक्नीशियन द्वारा दिया जाना डायलिसिस के नियमों के विपरित मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करने जैसा ही है। राज्यस्तरीय आउटसोर्स के तहत यहां डीसीडीसी किडनी केयर द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे के मरीजों का यहां लो इनकॉम सर्टिफिकेट के जरिए नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। इस सेंटर का संचालन अगले सुबह से ही होता है ऐसे में आयुष्मान भारत योजना से संबंधित कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण आयुष्मान भारत योजना के मरीजों को यहां डायलिसिस के लाभ के लिए लो इनकॉम सर्टिफिकेट बनवाना पड़ता है। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत योजना से संबंधित आयुष्मान मित्रों का काउंटर यहां 10 बजे के बाद ही खुलता है। जबकि यहां मरीज सुबह 7 बजे से ही डायलिसिस कराते हैं। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में अवस्थित डीसीडीसी के डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर नहीं होने के मामले को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने गंभीरता से उठाया है। रंजन चौधरी ने इस संबंध में डायलिसिस यूनिट के मैनेजर, जिले के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.अजय कुमार सिंह से बात की और उनसे इस संबंध में शिकायत करते हुए जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ डायलिसिस यूनिट में डॉक्टर बहाली कराने की दिशा में साकारात्मक पहल करने का आग्रह किया। सीएम एस.पी.सिंह ने कहा कि डीसीडीसी के साथ राज्यस्तरीय एमओयू है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.अजय कुमार सिंह ने इस मामले की बेहद गंभीरता से लिया और तत्काल डायलिसिस यूनिट संचालन कर रहे कंपनी को इस संदर्भ में पत्र लिखने और यहां आयुष्मान भारत योजना का लाभ जरूरतमंद मरीजों को मिल सके इसके लिए अहले सुबह से ही एक आयुष्मान मित्र को यहां बैठाने की दिशा में कारगर कदम जल्द उठाने की बात की। इधर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट के माध्यम से इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उनसे जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ संज्ञान लेने का आग्रह किया है ।

### विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनीं गुनवा देवी

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा में विभागीय आदेशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य उमा देवी ने किया। संचालन भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार ने किया! पूरी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से विभागीय नियमानुसार संपादित की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर गुनवा देवी का चयन किया गया, उपाध्यक्ष - किरण कुमारी,संयोजिका अनिता देवी को चुना गया। सभा को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार ने कहा , आज के छात्र कल के भविष्य हैं। बेहतर शिक्षा के साथ- साथ मध्याह्न भोजन, खेलकूद पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## एक नजर

### शादी समारोह में गोली चलने से युवक घायल

**रांची** : रांची के धुर्वा इलाके में एक शादी समारोह के दौरान फायरिंग का मामला सामने आया है। इसमें एक युवक को गोली लगी है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार देर रात की है। युवक की पहचान गुलशन पांडेय उर्फ मेडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में डांस के दौरान अचानक फायरिंग की आवाज आई और गुलशन जमीन पर गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कई लोग डांस कर रहे थे, तभी हादसा हुआ। गोली किसने चलाई, यह किसी ने नहीं देखा। गोली गुलशन की पीठ में लगी है। घटना की सूचना मिलते ही धुर्वा थाना प्रभारी विमल किंडो अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फायरिंग में एक युवक घायल हुआ है लेकिन अभी उसका बयान दर्ज नहीं किया जा सका है। तलाशी के दौरान कोई हथियार भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को जानकारी मिली है कि गुलशन का डैम किनारे रहने वाले कुछ युवकों से विवाद था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि भीड़ का सहारा लेकर गोली चलाई गई। जब गोली चली, तो सभी लोग गुलशन को अस्पताल ले जाने में व्यस्त हो गए, जिससे गोली चलाने वाले पर किसी का ध्यान नहीं गया। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

### फरवरी माह में ही राज्य में पारा पहुंचा 36 डिग्री

**रांची** : राज्य में फरवरी माह में ही तापमान बढकर 36 डिग्री हो गया है। मंगलवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अभी फरवरी का महीना आधा भी खत्म नहीं हुआ है। देश भर में झारखंड की पहचान एक हरे भरे राज्य के रूप में होती है, लेकिन राज्य गठन के बाद से राज्य में वनों की तेजी से कटाई हो रही है। गांव से लेकर शहरी इलाकों में भी सड़क, पुल और आवास निर्माण समेत अन्य जरूरी विकास कार्यों के लिए हर दिन हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है और तापमान में बढोत्तरी हो रही है। वहीं सरायकेला के बाद चाईबासा और डालटेनगंज में भी तापमान 33 डिग्री पहुंच गया है। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान क्रमशः 33.8 और 33.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो यहां सुबह में हल्की ठंड महसूस की जा रही है, जबकि रात में कनकनी है। हालांकि हवा नहीं चलने से ठंड में कमी आई है। मंगलवाार को रांची में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य में जिन शहरों में तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 32.2, बोकारो 31.1, गढ़वा 30.9 और गुमला 30.2 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले चार पांच दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इससे अधिकतम तापमान में आंशिक बढोत्तरी होने की संभवना है।

### रांची में खुली दृष्टिकोण स्पेस लाइब्रेरी, विधायक ने किया उद्घाटन

**रांची** : रांची के दलदली चौक स्थित दृष्टिकोण स्पेस लाइब्रेरी का आज उद्घाटन किया गया। उद्घाटन विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा किया गया। उन्होंने सारे छात्र, छात्रा को अच्छे शिक्षा की जानकारी देते हुए दृष्टिकोण स्पेस लाइब्रेरी के डायरेक्टर आनंद कुमार और को डायरेक्टर निकेश कुमार से मुलाकात कर के उनके शिक्षा जगत में पहल करने के लिए शुभकामनाएं दीए। मौके में दृष्टिकोण स्पेस लाइब्रेरी के छात्र और छात्रा नेहा वर्मा, विवेकानंद भगत, आकाश उरांव, सौरभ कुमार, संजय उरांव, संजू उरांव और अनेकों उपस्थित थे।

# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला प्रमंडल स्तर का होगा : राधाकृष्ण किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला मंगलवार से शुरू हुआ। दुबियाखाड़ में लगे मेले का वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसका शुभारंभ किया। मेले में परिसंपतियों का वितरण किया गया। योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों के 46 स्टॉल लगाए गए थे। मेला 12 फरवरी तक आयोजित है। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि समाज का हर वर्ग आगे बढ़े। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। झारखंड



में आदिवासी समाज का साक्षरता दर 52 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा एवं लोकसभा के सदस्य बनेंगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय के शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे,तो आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह मेला प्रमंडल स्तर पर होगा। इसमें तीनों जिले पलामू, लातेहार व गढ़वा जिले के आदिवासी समाज भाग लेंगे, इसके लिए सरकार के स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के लाभ से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सम्मान राशि से महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा कर रहीं हैं। बच्चों की पढाई में खर्च कर उन्हें आगे बढ़ा रहीं हैं। इस अवसर पर कल्याण मंत्री ने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए शिक्षा जरुरी है। विकास के लिए समाज को एकजुट रहना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षा से समाज में जागरूकता आती है और विकसित समाज का सपना साकार होता है। सरकार आदिवासियों सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। राजा मेदिनीराय ने विकसित समाज निर्माण का कार्य किया। एकजुटता पर बल दिया। आदिवासी समाज भी एकजुटता में कमी नहीं आने दें। एकता और दृढ़ता के साथ रहने से अधिकार खुद मिल जायेगा। समाज को आगे बढ़ाने की सोच रखनी होगी। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला को और भव्यता प्रदान करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि मेला राज्य स्तर पर हो और प्रयास होगा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि दो दशकों से लगातार मेला का आयोजन होता है, जो चेरो राजवंश को याद दिलाता है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित इस मेले में सरकार के विभागों के स्टॉल लगाये जाते हैं। योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। कार्यक्रम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना आदि उपस्थित थे।

# केंद्र की योजनाओं को राज्य में क्रियान्वित करने के प्रति उदासीन है सरकार : प्रतुल शाह देव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं, लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का



संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था। इसके कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड के बदौलत मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। केंद्र की यह स्कीम भी भ्रष्टाचार के आरोप में चढ़ गई थी और तत्कालीन मंत्री के करीबियों सहित अनेक लोगों के यहां छापा पड़ा था। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। परंतु राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती। जिसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह केंद्र के पैसे का सदुपयोग करें। क्योंकि प्रधानमंत्री, अमित शाह, नितिन गडकरी समेत कई मंत्रियों ने अनेक बार कहा है कि वह राज्यों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे बशर्ते नियम कानून का पालन हो।

### झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है : सुदेश महतो

**रांची** : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने शहीद वीर तिलका मांझी की जयंती पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा है कि आजसू पार्टी मजबूर जनता की बुलंद आवाज बनेगी और उनके अधिकारों की लड़ाई को और तीव्र करेगी। इसी कड़ी में, उत्तरी छोटानागपुर के जिला अध्यक्षों और प्रमुख नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय संगठन की एक अहम बैठक 21 तारीख को मधुवन में होगी, जिसमें जिला, प्रखंड और केंद्रीय नेतृत्व के साथ क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की भागीदारी होगी।

# रांची में 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित किया जाएगा : शिल्पी नेहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के कांके में स्थित 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने की पहल अब दिखने लगी है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज इस फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि इस बंद फैक्ट्री को पुनः शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा की गई है। एक समय में यह फैक्ट्री एशिया की सबसे बड़ी बेकन फैक्ट्री हुआ करती थी, लेकिन महज 25 हजार रुपए की वजह से यह बंद हो गई। सूकर मांस के विभिन्न प्रकार के रेडी-टू-इट व्यंजन तैयार कर ₹रैनबेकर₹ ब्रांड के नाम से ब्रांडिंग की जाती थी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि



इस फैक्ट्री के फिर से शुरू होने से सूकर पालन से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सूकर पालकों के व्यवसाय में वृद्धि होगी। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी कहा कि ब्यूरोक्रेट्स पर पूरी तरह से निर्भर रहकर किसी काम को नहीं छोड़ा जा सकता है। हमें अपनी इच्छाशक्ति से काम करते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वितरण किए जा रहे पशु अगर विभाग के फार्म सेंटर में तैयार किए जाएं, तो यह और भी बेहतर होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र और बत्तख प्रजनन प्रक्षेत्र, होटवार की स्थिति देखकर नाराजगी जताई। यहां बनाए गए शेड की गुणवत्ता बेहतर नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पैनम कोल के खिलाफ याचिका में झारखंड सरकार के जवाब से हाई कोर्ट असंतुष्ट




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए दोबारा बिंदुवार और स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब हाई कोर्ट 19 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा। पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था, लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस संबंध में हाई कोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए किया था समर्पित : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेता एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल



उपाध्यायजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा और राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्रदेश कार्यालय में स्व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हमसभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति, समाज, परिवार, राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने,फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का विचार युगों युगों तक कार्यकर्ताओं को अनुप्राणित करता रहेगा। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डु, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### संजय आनंद लाठकर मुंबई में परमाणु ऊर्जा विभाग के आईजी सिक्योरिटी नियुक्त



**रांची** : झारखंड कैडर के सीनियर आईपीएस संजय आनंद लाठकर को केन्द्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग में आईजी सिक्योरिटी नियुक्त किया गया है। आईपीएस संजय आनंद लाठकर मुंबई स्थित परमाणु मुख्यालय में अपना योगदान देंगे। केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर इस संबंध में मंगलवार को जानकारी दी गई है। झारखंड पुलिस के एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर वर्ष 1995 बैच के आईपीएस हैं और एक तेज तर्रार व ईमानदार पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। इससे पहले लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए आईपीएस लाठकर झारखंड चैप्टर के आईजी भी रह चुके हैं। अब संजय आनंद लाठकर एक बार फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लाठकर को एडीजी स्तर और वेतन पर परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आईजी सुरक्षा के पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि संजय आनंद महाराष्ट्र के रहने वाले हैं, इसलिए उन्हें एक बार फिर अपने ही राज्य में रहने या यूं कहें कि रिटायरमेंट तक का मौका मिला है। आईपीएस संजय आनंद के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद झारखंड में एडीजी रैंक के अधिकारियों की कमी हो जाएगी। संजय फिलहाल एडीजी अभियान के पद पर पदस्थापित है।

### मंदिर निर्माण के लिए किया पांच लाख का सहयोग

**रांची**: सिमडेगा में बने श्री श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम बाबा के भक्त अजय मयंक जैन और आनंद गोयल (नेहा ट्रैक्टर) वाले रांची से मंगलवार को सिमडेगा पहुंचे और श्याम मंदिर का अवलोकन किया और बाबा की मोर छड़ी का मोर पंख जो अपने साथ लाए थे उसका पूजन किया। अजय मयंक जैन परिवार द्वारा अपने हाथों द्वारा पांच लाख रुपए मंदिर निर्माण में सहयोग दिया और मंदिर निर्माण में और सहयोग करने का आश्वासन दिया। मोहन दास महाराज खाटू वाले से फोन पर स्वीकृति भी मिल गई है उनके सानिध्य में ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जाएगा। उनका बहुत जल्द आगमन सिमडेगा में होगा। वहीं रांची से पहुंचे श्याम प्रेमियों का श्री श्याम मित्र मंडल सिमडेगा की ओर से स्वागत किया गया। मंदिर में संरक्षक अमरनाथ वामलिया, अध्यक्ष पवन जैन, सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, रजनीश अग्रवाल, सरत वामलिया, अमित अग्रवाल, पिंकुल अग्रवाल, मुरारी वामलिया, मुन्ना अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, संतोष देवी उपस्थित रहे। श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति, रांची के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची के श्याम भक्त द्वारा सिमडेगा में श्री श्याम मंदिर का निर्माण के पुन्य कार्य में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की है।

### रेलवे स्टेशन पर आम आदमी की तरह बैठे अर्जुन मुंडा, लोग भी नहीं पहचान पाए



**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने हाल ही में अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यात्रा की। स्नान के बाद, वे झारखंड लौट रहे थे और ट्रेन का इंतजार करते हुए प्लेटफॉर्म पर आम यात्रियों की तरह बैठे देखे गए। इस दौरान, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक 47 सेकंड का वीडियो साझा किया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वीडियो में, अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी के साथ प्लेटफॉर्म पर सहजता से बैठे दिखाई दिए। आसपास कई लोग आए और गए, लेकिन किसी ने उनसे बातचीत नहीं की। संभवतः वहां मौजूद लोग उन्हें पहचान नहीं सके। यह दृश्य उनकी सादगी को बखूबी दर्शाता है। अर्जुन मुंडा अकसर आम लोगों के बीच घुलने-मिलने के लिए जाने जाते हैं, चाहे वे राजनेता हों, उद्योगपति हों या खेल जगत की हस्तियां। महाकुंभ के दौरान भी उन्होंने अपनी यही सहजता दिखाई। स्नान के बाद, बिना किसी विशेष वीआईपी सुविधा का उपयोग किए, वे आम श्रद्धालुओं की तरह प्लेटफॉर्म पर बैठकर अपनी ट्रेन का इंतजार करते नजर आए। महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए अर्जुन मुंडा ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उन्होंने लिखा, 'महाकुंभ में स्नान कर आज प्रयागराज से झारखंड लौटा हूं। भव्य आयोजन के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को बहुत-बहुत बधाई। करोड़ों श्रद्धालु इस आस्था के महापर्व में शामिल हो रहे हैं, और सरकार ने उनकी सुविधा के लिए बेहतरीन इंतजाम किए हैं। इस आयोजन में जुटे सभी अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। सभी का बहुत-बहुत आभार।' उनकी यह सादगी और आमजन की तरह यात्रा करने का अंदाज सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

### मंत्री इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका ली वापस


**रांची** : झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका वपास ले ली है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान उनके वकील ने याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। दरअसल इरफान अंसारी ने झारखंड हाईकोर्ट के एक आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को दुमका सिविल कोर्ट में उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने को सही ठहराया था। 2018 में दुष्कर्म पीड़िता की तस्वीर अस्पताल से वायरल होने का मामला सामने आया था। इस घटना में इरफान अंसारी के मोबाइल से तस्वीर वायरल होने का आरोप लगा था। जामताड़ा थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। अब जब मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ले ली है, तो आगे इस मामले की सुनवाई निचली अदालत में ही जारी रहेगी।

### 140वां सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 140 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख



**बोकारो** : बोकारो के एक आवास में लगी भीषण आग। धू धू कर जला पूरा घर। मौके पर एक दमकल की गाड़ी पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू। बोकारो के सेक्टर 12 के आवास संख्या 2065 में लगी आग, जहां शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग। घर का एसी समेत घर के सभी कपड़े और समान जलकर हुआ खाक। इस घटना में जान माल की कोई छती नही हुई है। घटना बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र की।
घटना के बारे में बताते चले की बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 स्थित क्वार्टर संख्या 2065 में उस समय आग लग गई जब गृहस्वामी घर के बाहर किसी काम से निकले थे और घर में कोई नहीं था जहां घर से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने घर के मालिक जोगिंदर कुमार शेट्टी को इसकी सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंचे और दमकल को भी इसकी सूचना दी गई। मौके पर एक दमकल की गाड़ी घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर के मालिक ने कहा की ऐसी समेत घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया है और करीब लाखो की छती हुई है। वही मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी के फायर ब्रिगेड के अधिकारी की माने तो आग पर काबू पा लिया गया है।

### चास में जमीन विवाद में हत्या

**चमसोबाद** : निवासी 50 वर्षीय जमीन कारोबारी चंडीचरण शर्मा के संदेहास्पद मौत के बाद चास मु0 पुलिस ने मंगलवार को दो सीआईएसएफ जवान पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया है। दोनों आरोपी सीआईएसएफ जवान क्रमशः बरमसिया निवासी राजकुमार उर्फ पप्पू रवानी व चंद्रपुरा निवासी नारायण साव मध्य प्रदेश सीआईएसएफ यूनिट में कार्यरत है, जो इसके बाद चांदनकियारी, धनबाद में रखा। इस दौरान पीने खाने के दौरान हत्या कर दी। परिजनों का कहना है कि जमीन से जुड़े विवाद के कारण हत्या की गई है। हत्या के बाद दोनों अपना जुर्म छुपाने के लिए मृत शरीर को सदर अस्पताल में रख कर फोन पर मौत की सूचना दी। परिजन दिन भर एक थाना से दूसरे थाना चक्कर लगाते रहे। इधर सिटी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए फर्द बयान चास मु0 पुलिस को भेजा, जिसके आधार पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस दोनों आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सतर्क रहकर करें इंटरनेट का उपयोग : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में सेफ इंटरनेट डे को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। कार्यशाला में साइबर थाना प्रभारी श्री अक्षय कुमार राम ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है। पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है। कार्यशाला के दौरान अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजेक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यशाला में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार राम, विकास कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीआईओ सुनीता तुलस्यान, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## क्रेन ऑपरेटर की मौत पर कंपनी ने 15 लाख का दिया मुआवजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : औद्योगिक क्षेत्र स्थित के एस इस्पात कंपनी में सोमवार को हुए हादसे में क्रेन ऑपरेटर सोनू सिंह की मौत हो गई। इस हादसे के बाद मंगलवार को कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया, साथ ही शव को गांव तक ले जाने और अंतिम संस्कार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की। मृतक की पत्नी टूना देवी हाल ही में बड़े ऑपरेशन के बाद एक बेटी को जन्म दे चुकी हैं और अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। दुखद स्थिति यह रही कि घटना के बाद उन्हें जबरन कंपनी में बुलाया गया, जबकि उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक नहीं थी। मृतक के ससुर शंभू राम ने आरोप लगाया कि कंपनी की लापरवाही के कारण उनके दामाद की जान गई। मृतक सोनू सिंह बिहार के खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड स्थित भरतखंड गांव के निवासी थे। उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे इस त्रासदी के बाद बेसहारा हो गए हैं। मुआवजा मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजन शव लेकर अपने गांव लौट गए। इस पूरे मामले में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने में जिला परिषद सदस्य निशा हेंब्रम, बालीडीह थाना इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, आजसू छात्र संघ नेता तापेश मेहता, वार्ड सदस्य बद्रीनाथ सिंह, रमेश कुमार और निरंजन सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कोयलांचल शाखा ने दो दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : मायुम धनबाद कोयलांचल शाखा, धनबाद ने अपने दो दिवसीय द्वितीय निःशुल्क दिव्यांग शिविर श्री श्री श्री भगवती जागरण कमिटी शक्तिमंदिर धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में श्री भगवान् महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से पंजीकरण के हिसाब से दिव्यंगों की भीड़ एवं जरुरत को देखते हुए शाखा ने शिविर को लगातार तीसरे दिन भी जारी रखने का निर्णय लिया जिसके तहत 9, 10 एवं 11 फरवरी 2025 को शक्ति मंदिर जोड़ाफाटक, धनबाद में शिविर लगाया गया। जिसमे दूर-दूर से आये दिव्यंगों को हाँथ, पैर, कैलीपर्स, कान की मशीन, बैशाखी, व्हीलचेयर, इत्यादि पुर्णतः निःशुल्क बाँटा गया। इस शिविर का उद्घाटन 9 फरवरी 2025 को मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्र अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, अरुण गुप्ता, अजय तायल, विकाश पटवारी, धनबाद कोयलांचल शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, शक्ति मंदिर कमिटी अध्यक्ष एस पी सौंधी व अन्य सभी अतिथियों द्वारा कर लाभार्थियों को सुरेन्द्र भट्टर व अन्य अतिथियों के हांथो व्हीलचेयर, वैशाखी, कान की मशीने बंटवाई गयी और साथ ही हाँथ-पैर के दिव्यांगों को उनके हाँथ-पैर की नापी लेकर उन्हें 10 एवं 11 फरवरी को लगवाया गया। शिविर में कुल 177 दिव्यंगों को सेवा दी गयी। इस शिविर को सफल बनाने हेतु मायुम राष्ट्र अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, झारखण्ड प्रान्त अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल, अरुण कुमार भंडारी, सुरेन्द्र पाल अरोड़ा व अन्य सदस्य, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सदस्य प्रभाष कुमार अग्रवाल, रितेश पटवारी व अन्य सभी सहयोगीगण एवं समाजबंधूगण उपस्थित रहें।

# भारी संख्या में पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोग उत्साहित हैं : झामुमो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिला संयोजक प्रमुख रतन लाल मांझी ने कहा पार्टी प्रमुख आदरणीय गुरुजी एवं कार्य अध्यक्ष श्री हेमंत सोरेन जी के निदेर्शानुसार बोकारो में युद्ध स्तर पर पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है समय सीमा के अंदर हम लोग टारगेट पूरा करेंगे। आज पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा बोकारो में सदस्यता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान की शुरूआत महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव द्वारा की गई। मंटू यादव ने इस अवसर पर कहा कि बोकारो में विभिन्न क्षेत्रों में झामुमो का एक-एक कार्यकरता सदस्यता अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं। पार्टी का प्रयास है कि सभी वर्ग को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान चलाया जाए बोकारो की एक-एक जनता का भरपूर उत्साह और प्यार मिल रहा है भारी संख्या में सदस्य बनने के लिए काफी उत्साहित हैं। मंटू यादव ने हेमंत सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की जनकल्याणकारी योजना हर घर की गरीबों को मिल रहा है, जिससे सरकार की लोकप्रियता और विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है। सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़े और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से रामदयाल सिंह, दिनेश बेसरा, नंदलाल हंसदा, उमेशचंद्र मांझी, बेश्वर हेंब्रम, कामेश्वर किस्कू, छवी देवी, बाबूराम मुर्मू , लालमोहन हेंब्रम, रोहन कुंभकार, धीरेन कुंभकार, उर्मिला देवी, जसोदा देवी, राधिका देवी, बसंती सोरेन, चंपा देवी, सुनीता मुर्मू, हिमोली देवी इत्यादि।

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार लें : डॉ श्रवण कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा सत्र 2024- 25 में पीपीएच के अंतर्गत अपना तीसरा कैंप अमृत पार्क,फेज-5 में लगाया। कैंप में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने बताया कि शिविर द्वारा नियमित जांच करा कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया। बिनोद चोपड़ा ने खान-पान पर भी ध्यान देने के लिए लोगों को प्रेरित किया। जांच शिविर में उपस्थित डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि जंक फूड से दूर रहे एवं फल सब्जियों सेवन से वे काफी हद तक स्वस्थ रह सकते हैं। डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि मोटापा आज विश्व की सबसे बड़ी बीमारी हो गई है। डॉ सुमन कुमार ने कहा की स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ भारत एवं विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। डॉ सुमन ने कहा की समय पर पता चलने से कई बीमारियों के इलाज संभव है। रोटरी क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 35 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुकेश ने बताया की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वजन इत्यादि की निशुल्क जांच के बाद चिकित्सा सलाह दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुमन कुमार, बिनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, ललिता चोपड़ा, डॉ पुष्पा, डिंपल कौर आदित्य सराहनीय योगदान रहा।

## इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बी एस एल के क्रिकेट स्टेडियम में इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, महाप्रबंधक सी.आर.के. सुधांशु, महाप्रबंधक ए.के. अविनाश, सहायक महाप्रबंधक सुभाष रजक सहित अन्य अधिकारी तथा क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करते हैं, जो न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि पेशेवर जीवन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इंटर स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप एक ऐसा अवसर है जो टीम भावना को सशक्त बनाता है और कर्मचारियों के बीच सहयोग, एकता और सौहार्द का वातावरण उत्पन्न करता है। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में दुगार्पुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट की टीमें हैं, जबकि दूसरे समूह में आरआईएनएल-विशाखापत्तनम, वीआईएसएल-भद्रावती, सलेम स्टील प्लांट और बोकारो स्टील प्लांट की टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

# आदिवासी सेंगेल अभियान ने मनायी वीर शहीद तिलका मुर्मू की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जरीडीह प्रखंड के अन्तर्गत खुटरी पंचायत के ठाकुर टांड़ में आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा वीर शहीद तिलका मुर्मू की जयंती मनाई गई। सभी ने वीर शहीद तिलका मुर्मू के उच्च चित्र पर पुष्प अर्पित, माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वीर शहीद तिलका मुर्मू जयंती समारोह में उपस्थित झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने कहा कि वीर शहीद तिलका मुर्मू भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे। इनका जन्म 11 फरवरी 1750 को सुल्तानगंज के तिलकपुर के संताल परिवार में हुआ था। तिलका मुर्मू ने हमेशा से ही अपने जंगलों को लूटते और अपने लोगों पर अत्याचार होते हुए देखा था। गरीब आदिवासियों की भूमि,खेती,जंगली वृक्षों पर अंग्रेजी शासकों ने कब्जा कर रखा था। आदिवासियों और पर्वतीय सरदारों की लडाई धीरे- धीरे इसके विरूद्ध तिलका मुर्मू आवाज उठाने लगे।उन्होंनें अन्याय और गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ी। जाति और धर्म से ऊपर उठकर लोगों को देश के लिए एकजुट होने के लिए प्रेरित करते थे। तिलका मुर्मू ने आदिवासियों के अस्तित्व पहचान बचाने के लिए अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ उन्होंने 1771 से 1784 ई तक आदिवासी समाज के लिए ब्रिटिश सत्ता के विरूद्ध लंबा संघर्ष किया। उन्होनें कभी भी समर्पण नहीं किया,न कभी झुके और न ही डरे। ऐसे महान योद्धाओं से आज आदिवासी समाज को जागना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति आगे आना चाहिए। मौके पर मौजूद बोकारो जिला अध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज मरने की कगार पर खड़ा है। सरना धर्म कोड, मरांग बुरु, कुर्मी, सीएनटी/ एसपीटी, विस्थापन-पलायन, झारखंडी डोमिसाइल और आदिवासी भाषा-संस्कृति, संताली राजभाषा, इज्जत, आबादी आदि का मामला खतरे में है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्ल सिंदरी ने यक्ष्मा कैंपेनिंग के तहत लगाया शिविर



**धनबाद** : हर्ल सिंदरी के द्वारा 100 दिन यक्ष्मा कैम्पेनिंग के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें हर्ल के पदाधिकारी ,कर्मचारी एवं मजदूर उपस्थित हुए जिसमें 50 मजदूर का टीवी स्क्रीनिंग किया गया। साथ में शपथ लिया गया कि अपने जीवन काल में क्षय रोग समाप्त करने, टीवी को स्वयं एवं अपने परिवार अपने सहकर्मी और पड़ोसी को बचाने लोगों को खांसने के तरीका का पालन करने के लिए प्रेरित करने तथा अपने गांव, प्रखंड, अपने जिला अपने राज्य एवं अपने देश को टीवी मुक्त बनाने की शपथ दिलाया गया जिसमें डब्ल्यूएचओ डाक्टर बी. सुदर्शन, डाउट प्लस सुपरवाइजर सह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कौशलेंद्र कुमार सिंह, एस टी एल एस नौशाद आलम, टी वी एच वी तनवीर आलम तथा हर्ल के प्लांट मैनेजर सुरेश प्रमाणिक, चिकित्सक डॉक्टर जयेश प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। शिविर का उद्घाटन हर्ल के परियोजना प्रमुख सुरेश प्रमाणिक, डॉक्टर बी सुदर्शन एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

### मजार पर दबंगों के कब्जा करने की शिकायत की



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें धनबाद रेलवे स्टेशन रोड, हिल कॉलोनी स्थित मजार की देखरेख करने वाली कमेटी के सचिव ने मजार पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उपरोक्त संपत्ति वक्फ बोर्ड की है। वक्फ बोर्ड ने इसकी देखरेख के लिए वर्ष 2017 में एक कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा देखभाल कर वहां विकास कार्य भी किया जा रहा है। परंतु कुछ दबंगों द्वारा कमिटी को दरकिनार कर वहां जबरन कब्जा कर मनमानी की जाती है। वहीं चरक कला से आई शहीद बी.एस.एफ. जवान की धर्मपत्नी ने अनुकंपा के आधार पर नियोजन देने का आवेदन दिया। निरसा के ग्राम पंचायत उरमा से आए व्यक्ति ने बीमारी का इलाज कराने के लिए सहायता राशि देने, मधुबनी -2 से आई महिला ने अबुआ आवास की पहली किस्त नहीं मिलने, परघाबाद सुदामडीह से आए व्यक्ति ने दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा करने, बस्ताकोला से आई महिला ने पेंशन की रुकी हुई राशि जारी करने, बरवाअड्डा, लोहार बरवा से आए व्यक्तियों ने नाली निर्माण करने का आवेदन दिया।

### तिलका मांझी ने लोगों को अंग्रेजो से अपना हक छीनना सिखाते थें : एससी



**बोकारो** : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले सेनानी बाबा तिलका मांझी की जयंती के अवसर पर आज सेल एससी-एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन,बोकारो यूनिट ने सेक्टर- 4 स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर उनकी याद में करतार सामंत बोकारो यूनिट महासचिव सह केंद्रीय कमिटी उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। बाबा तिलका मांझी के माल्यार्पण के उपरांत फेडरेशन के उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके जीवन के संघर्ष पर प्रकाश डाला। वक्ताओ ने कहा कि बाबा तिलका मांझी भारतीय स्वाधीनता संग्राम की लड़ाई के पहले शहीद थें । उन्होने हमेशा ही अंग्रेजो को अपने जंगलो की मूल्यवान संपत्ति को लूटते एवं उनके क्षेत्र में आदिवासियो को परेशान करते देखा था। तिलका ने धीरे धीरे अंग्रेजो के खिलाफ जंग छेंड़ दिया।1770 से ही वे अंग्रेजों से लोहा लेने लगे। वह लोगों को अंग्रेजों के आगे सिर न झुकाने के लिये प्रेरित करते और जात-पात की बेड़ियों से निकल कर अंग्रेजों से अपना हक छीननेकी बात करते थें। तिलका लोगों में रॉबिन हूड जैसे ही मशहूरथें उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ लंबी लड़ाई छेड़ी और संथालों के प्रसिद्ध ह्यसंथाल विद्रोह का नेतृत्व किया।

### जेईई मेंस में चिन्मय विद्यालय का रहा शानदार प्रदर्शन




**बोकारो** : अश्विन और रजनीश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 2024-25 के जे.ई.ई.मेंस के पहले फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का छात्र अतिन गौरव (99.35) परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर आया हैं जबकि अश्विन (99.33) एवं रजनीश (98.99) परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे है। अतिन गौरव, अश्विन कुमार, आर्यन, नारायण राय, वेद कुमार, अभ्यास मल्लिक आदित्य राज, मीनाक्षी कुमारी, शिवम रंजन, हर्ष लक्षीरामका, रजनीश कुमार, शरण्या रंजन, इशान गोप, भव्या विक्रम, सत्यम सोनी, एकांश महावार, श्रेयांश मिश्रा, अदित्या, आकर्श देव, रिशी प्रसाद, आदर्श राय, अभिषेक, प्रेम कुमार, रोहित राज, प्रिंस रॉय, एकता आकृति, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रितु राज, अमृत कुमार सहित समाचार लिखे जाने तक 42 से अधिक बच्चै ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के वरीय शिक्षको के मार्गदर्शन एवं बच्चै के कड़ी मेहनत के कारण यह शानदार सफलता मिली है। मैं सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावको एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि दूसरे फेज एवं आई.आई.टी0 एडवांसड में और भी बेहतर परिणाम होगा। उन्होने सभी सफल छात्रों का हौसला बढाते हुए कहा कि आने वाले समय में पूरा ध्यान एवं पूरा समय पढ़ाई पर दें। साथ ही समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। यही परिश्रम कभी पीछे मूड़कर देखने का मौका नहीं देगा।

# बाइक और लॉकेट चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** बाइक और सोने की लॉकेट चोरी की घटना का मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक लुटेरे और एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। बाइक और सोने का लॉकेट बरामद किया है। लुटेरे की पहचान हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास रहने वाले संजीत ओझा और ई-रिक्शा चालक पप्पू कुमार के रुप में हुई है। रांची रोड रेड़मा के जितेन्द्र कुमार सोनी ने 10 फरवरी को घर के पास खड़ी स्पेलेंडर प्लस बाइक (जेएच03एपी 4920) चोरी हो जाने का मामला दर्ज कराया था। तेजी से अनुसंधान करते हुए गुप्तचरों से मिली सूचना पर बीसफुटा पुल के पास से चोरी गई बाइक पर सवार चोर संजीत ओझा को गिरफ्तार किया गया। संजीत ओझा पूर्व में ड्रोन कैमरा लूट मामले में जेल जा चुका है। साथ ही पुलिस ने पांच फरवरी को बेलवाटिका गुरूद्वारा के समीप पूंजय कुमार गुप्ता के पांच वर्षीय पुत्र के गले से सोने का लॉकेट निकाल लेने वाले ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया । आरोपित के द्वारा बच्चे के गले से सोने का लॉकेट निकालने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। अनुसंधान के दौरान आरोपित की पहचान की गयी और उसे गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर सोने का लॉकेट बरामद किया गया। ई-रिक्शा चालक पप्पू वर्ष 1998 में हत्या मामले एवं वन विभाग की लकड़ी चोरी कांड में जेल जा चुका है। शहर थाना स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने इस संबंध में पूरी जानकारी दी। कार्रवाई टीम में शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, टीओपी टू के प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पु.अ.नि. अशुतोष रजक और जवान, हवलदार रमेश प्रसाद, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, मिथलेश कुमार पासवान, राजेश कुमार चन्द्रवंशी, प्रमोद यादव और सहायक आरक्षी जयंत दुबे शामिल थे।

## अनगड़ा में भारतीय जनता पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान



**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष नरेश साहू के सहयोग से चतुर साहू के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकारी सदस्य शंकर महतो, ओरमांझी मंडल मंत्री आनंद कुमार महतो, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, बुथ नंबर 64 के के अध्यक्ष रविंद्र मुंडा, राम लखन महतो एवं गणेशपुर के परमेश्वर भोगता द्वारा संगठन पर्व सदस्यता 2024-2030 अभियान के तहत 400 सदस्य अमित चौधरी रब्बानी राज शंकर महतो रविन्द्र मुंडा राजेश गुप्ता परमेश्वर भोगता राम लखन महतो अमर नाथ भोगता अजय साहू आदि को सदस्य बनाया गया।

## डोरंडा बाजार को उजाड़ने के विरुद्ध देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में आंदोलन करने का निर्णय



**रांची :** राजधानी रांची के डोरंडा जनता बाजार में गरीब असहाय का दुकान को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण का हवाला देकर हटाया जा रहा है, पीड़ित दुकानदारों ने मंगलवार को डोरंडा जनता बाजार झंडा चौक के समीप दुकानदारों का बैठक किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से जेएलकेएम आंदोलनकारी नेता पूर्व प्रत्याशी रांची लोकसभा श्री देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में बाजार बचाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जे एल के एम जिला सचिव अरशद अली सोनू, हटिया अध्यक्ष इरशाद आलम, शाहिद उर्फ बंटी हटिया प्रत्याशी अयूब अली, के अलावा जनता बाजार डोरंडा के सैकड़ों दुकानदार लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- **BCD/EE/HAZARIBAG/37/2024-25** का शुद्धिपत्र, **PR** संख्या- 345615 **Building (24-25)-D** द्वारा प्रकाशित शुद्धिपत्र के ग्रुप सं0-01,09,10 एवं 14 के स्थान पर ग्रुप सं0-01,10 एवं 14 पढा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 346264 Building(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग
शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 64 /2024-25 ,PR संख्या- 343506 Building(24-25)-D द्वारा प्रकाशित निविदा कार्य का नाम- Construction of Kitchen Cum Store in P.S. Giddi washery colony Block-Dari , District-Hazaribag.को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 346267 Building (24-25)_D भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

## नाईटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग ने चलाया स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** हेसल मिलन चौक के समीप नाइटिंगेल स्कूल ऑफ नर्सिंग ने स्कूल स्वस्थ कार्यक्रम चलाए जा रहे इसी के तहत राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मासु में स्वस्थ संबंधित के बारे में बच्चो को बता गया जैसे हांथ धोना मौखिक स्वच्छता संतुलित आहार मासिक धर्म स्वच्छता याता यात के नियम मादक द्रव्यो का सेवन से बचाव आदि के बारे में बताया गया मौके पर नाईटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर अजित महतो प्रिंसीपल लखिया लकड़ा हुल्स डडील वॉइस प्रिंसीपल प्रतिभा मेहता प्रिया एंगल कुजूर और स्कूल के प्रधान अध्यापिका नीलम अंजू पूर्ति राकेश सीताराम शिलमोहन कुम्हार प्रकाश कुमार प्रभा कुमारी रश्मि मंजू टोप्पो नीलिमा कुमारी शामिल थे।

# सम्मेद शिखर में 12 मार्च को आदिवासी समाज का होगा जुटान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** जैन धर्मावलम्बियों के 20 तीर्थंकर के निर्वाण सम्मेद शिखर और प्राकृतिक उपासक आदिवासियों के प्रधान मारंग बुरु जुग जाहेरथान पारसनाथ पर्वत को लेकर प्राकृतिक उपासकों ने एक बार फिर बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। पारसनाथ का अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए संथालियों के पूजन स्थल मरांग बुरु दिशोम मांझीथान के सुधीर बास्के ने कहा कि आदिवासियों के पूजन स्थल मरांग बुरु का अतिक्रमण सहन नहीं होगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 12 मार्च को देश के कई राज्यों के आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों का जुटान मधुबन में होगा। इसमें आंदोलन की रूप रेखा तय होगी । हालांकि अतिक्रमण का आरोप किन पर है ये सुधीर बास्के ने स्पष्ट नहीं किया है। लेकिन 12 मार्च को एक बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चार साल पहले भी सम्मेद शिखर मधुबन के पारसनाथ पहाड़ को लेकर विवाद हुआ था ।एक तरफ जैन समाज ने बड़े व्यापक पैमाने पर आंदोलन करते हुए देश भर में प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल के हजारों की संख्या में आदिवासी नेताओं के साथ युवाओं का जुटान मधुबन में हुआ था। इस दौरान मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद बढ़ने से रोक दिया था।

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल धुर्वा, रॉची।
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 120/24–25.

1. विभाग का नाम :- ऊर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- दिनांक 24/02/2025 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :- दिनांक 26/02/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 26/02/2025 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष, राँची/विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :- विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यवहार न्यायालय, जमशेदपुर स्थित 01 अदद् 20 पैसेनजर लिफ्ट (Make Thyseen Krupp) के मरम्मति के कार्य। | 6,36,858.00 | 1250-00 | 13,000-00 | 21 दिन |
| 2 | रिम्स, राँची स्थित न्यू ट्रामा सेन्टर में सी0 टी0 स्केन मशीन के लिए 4 अदद अर्थिंग का कार्य एवं एकेडेमिक ब्लॉक में जेनेटिक एवं जेनोमिक विभाग में 1 अदद ए0 सी0 प्वॉइंट, 4 अदद बोर्ड का अधिष्ठापन का कार्य। | 2,21,845.00 | 500.00 | 4,500.00 | 14 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।

PR 346259 Energy(24-25)D

# सड़क दुर्घटना में घायल अनु सेवक की इलाज के दौरान मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया अंचल कार्यालय में लगभग 14 वर्षों से अनुसेवक पद पर कार्यरत सच्चिदानंद प्रसाद (45)की मौत इलाज हेतु रांची ले जाने के क्रम में मंगलवार को हो गई। वे बिहार प्रदेश के गया जिला के रहने वाले थे। बताया जाता है कि वे बीते शनिवार की रात लगभग 9:00 बजे बगोदर की ओर से अपनी बाइक से सरिया अंचल कार्यालय स्थित अपना आवास आ रहे थ। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उन्हें आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु धनबाद ले जाया गया था। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखकर मंगलवार को चिकित्सकों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी सुमन कुमारी तथा दो पुत्र क्रमशः सोनू और मोनू को छोड़ गए हैं। परिजनों के अनुसार मृतक अनु सेवक सच्चिदानंद प्रसाद का अंत्य परीक्षण रांची में कराए जाने के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं घटना की सूचना पर सरिया अंचल कार्यालय में मंगलवार को शोक सभा आयोजित की गई। लोगों ने संवेदना व्यक्त की। 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मा की शांति हेतु विनती किया।

## अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीण



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बड़ा चांगडू पंचायत के कई गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में जमकर बवाल काटा। दर्जनों की संख्या में लोग अचानक पहुंचकर हो हल्ला करने लगे। प्रखंड कार्यालय परिसर में ही अबुआ आवास में हो रही अनियमितता के खिलाफ नारे बाजी करने लगे। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे हंगामा मचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ा चांगडू पंचायत के पंचायत सचिव और मुखिया मिलकर आवास के सूची में धांधली के रहे है। योग्य लाभुकों को आवास नहीं देकर नौकरी पेशा और पैसे वालों को आवास देने का षडयंत्र किया जा रहा है। इससे पंचायत के कई गांव के योग्य लाभुक योजना से वंचित हो गए है। ग्रामीणों ने ये मामले में बीडीओ के कार्यालय में ज्ञापन देकर मामले की जांच करके दोषी पंचायत सेवक सहित सभी के खिलाफ करवाई करने का आग्रह किया है।

# बंता से श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ के लिए हुआ रवाना




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बंता हजाम उत्तरी एवं बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के विभिन्न गांवों के 45 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को बंता से प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हुआ। इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल रहीं। श्रद्धालुओं के जत्थे को मुखिया माधुरी सिंह मुंडा, मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा एवं पुर्व मुखिया शुशील सिंह मुंडा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं ने मिलकर हर-हर महादेव का उद्घोष किया। इससे पूर्व सभी ने बंता गांव के प्राचीन हरि मंदिर में पूजा-अर्चना कर धार्मिक यात्रा की सफलता के लिए कामना की।

समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)
(अ.ज.जा., अ.जा., अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
सूचना

झारखण्ड राज्य अंतर्गत कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित आश्रम, पी0वी0टी0जी0, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं को-एड आवासीय विद्यालय सहित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र-2025-26 के रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्ठम (6), वर्ग सप्तम (7) एवं वर्ग अष्टम (8), में नामांकन हेतु झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के निर्धारित अर्हताधारी इच्छुक छात्र-छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक 10 फरवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

- उम्र सीमा :- कक्षा-6 के लिए अधिकतम 12 वर्ष, कक्षा-7 के लिए अधिकतम 13 वर्ष एवं कक्षा-8 के लिए अधिकतम 14 वर्ष निर्धारित है।
- **आवेदन पत्र जमा करते समय आवेदन पत्र के साथ आवेदक का जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**
- **परीक्षा का विषय** :- हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान होगा, जो बहुविकल्पीय (Objective) होगा।
- **आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि** :- दिनांक 10 फरवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025
- **परीक्षा की तिथि** :- 09 मार्च, 2025 (रविवार)
- **छात्र-छात्राओं के Counselling की तिथि** :- 01 अप्रैल, 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक
- **नामांकन लेने की तिथि** : 10 अप्रैल, 2025 से 20 अप्रैल, 2025 तक। चयनित छात्र छात्राओं को दिनांक 20 अप्रैल, 2025 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा।
- नामांकन के समय चयनित छात्र-छात्राओं का अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, एवं बी0पी0एल0 या आय प्रमाण-पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा। इसके लिए बी0पी0एल0 की सूची में नाम, आय प्रमाण-पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जाएगी।
- आवेदक को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश-पत्र (Admit Card) के साथ-साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
- परीक्षाफल के प्रकाशन एवं नामांकन तक रिक्ति की संख्या घट-बढ़ भी सकती है।
- आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी
परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR 346262 District(24-25)#D

# इंटरनेट का सावधानी के साथ करें उपयोग : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** छतरमांडू समाहरणालय में बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथ थीम पर आधारित सुरक्षित इंटरनेट दिवस का जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला हुआ। सर्वप्रथम डीसी चंदन कुमार एवं एसपी अजय कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, सयुंक्त निदेशक सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद, अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, पुलिस उपाधीक्षक चंदन वत्स के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विद्युत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राधा गोविंद विद्यालय के बच्चों ने इंटरनेट का उपयोग एवं इंटरनेट कितना सुरक्षित है, कैसे इसका इस्तेमाल करें, इन सब विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सयुंक्त निदेशक बिरेंद्र प्रसाद ने आज के युग में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर घटना को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के उपयोग एवं साइबर ठग से कैसे बचें, इन सब विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने उपस्थित सभी स्कूली बच्चों को इंटरनेट में अनजान लोगों से संपर्क में आना कितना खतरनाक हो सकता है, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने फोटो या डाटा को अनजान व्यक्तियों के साथ इंटरनेट पर साझा करने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को इंटरनेट का अधिक उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए ही उपयोग में लाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने साइबर क्राइम से कैसे बचे इन सब विषयों के संबंध में उपस्थित सभी को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि इंटरनेट जितना सुविधाजनक है अगर इसका सावधानी पूर्वक प्रयोग नहीं करते हैं तो काफी समस्याओं का भी करना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया में अनजान लोगों से अपनी पर्सनल दस्तावेज एवं ओटीपी अंजान लिंक पर ना क्लिक करने की सलाह दी।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी
भर्ती कैम्प-14.02.2025

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांक:-14 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक जिला नियोजनालय खूँटी में भर्ती कैम्प 2025 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:-

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION | Vacancies |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maruti Mod Moblie, Khunti | Mechanical-03/helper-03/telecaller-02/Denter-01/Penter-01/10 | MALE | 18-30 | 10th & Above | 10K-20K | Khunti | 10 |
| 2 | Namra Finance Limited, Khunti | Field Officer-5 | MALE | 18-30 | 10th,12th, Graduation | 10500-20K+ Incentives | Khunti, torpa | 20 |
| 3 | Dev Auto Mobile (Hero), Khunti | Salesman-05,machanic-04/heper-05/14 | M/F | 18-30 | 10th & above | 8K-10K | Khunti | 14 |
| 4 | Satin Microfinance, Ranchi | CSO (Field Officer)/15 | MALE | 18-30 | 12th& Above | 19K + Incentives | Ramgarh,Gumla,Khalari | 15 |
| 5 | Bharat Micro Finance, Ranchi | Field officer-10/BCM-05/-15 | M/F | 18-28 | 10th & Above | 11.5K-18K | Entire JH | 15 |
| 6 | LIC, Khunti | Mahila Career Agent(Bima Sakhi)-15/Advisor-20 | M/F | 18-70 | 10th & Above | 5K & 7k Incentives | Torpa,Khunti | 35 |
| 7 | Raj Honda, Khunti | Salesman/Technician-6 | M/F | 18-35 | 10th & Above | 9K-12K + Incentives | Khunti | 6 |
| 8 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Jamshedpur | Guard-60/Supervisor-10/Office staff-05/Area Manager-5/Housekeeping-5/Security officer-05/cook-10/100 | MALE | 18-30 | 10th, 12th & above | 12K-20K | Entire JH | 100 |
| 9 | WCSF Chairityspirit Foundation, Chatra | Block Co-ordinator-06/Panchayat mahila mitra-30/Relationship manager-12/Field Sales Executive-20/68 | FEMALE | 18-36 | 8th,10th,12th | 8K-15K | Khunti | 68 |

➤ योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भत्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी, खूँटी।

PR.NO.346323 Labour Employment and Traning(24-25):D

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता



डॉ. सत्यवान सौरभ

अगर राजनीतिक दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।

राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।

एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है।

युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मजबूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा। लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को मजबूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें। युवाओं को प्रशासन और कानून की व्यावहारिक समझ देने के लिए, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान 'राजनीतिक नेतृत्व और शासन' पाठ्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। युवाओं को वित्तीय बाधाओं का सामना किए बिना कार्यालय चलाने में सक्षम बनाकर, चुनावों के लिए राज्य वित्त पोषण खेल के मैदान को समतल करने में मदद कर सकता है। भ्रष्टाचार से मुक्त और निष्पक्ष वातावरण स्थापित करने के लिए राजनीतिक अपराधीकरण के खिलाफ सख्त कानून लागू करना आवश्यक है। युवा राजनेताओं की क्षमता बढ़ाने और मतदाताओं को शिक्षित करने के कार्यक्रमों को नागरिक समाज संगठनों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शासन में सफल होने वाले युवाओं की कहानियों को अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए, राजनीतिक दलों और शासन संरचनाओं को युवा प्रतिनिधित्व के लिए न्यूनतम कोटा लागू करना चाहिए। सलाहकार परिषदों, युवा संसदों और मंत्रालय इंटर्नशिप जैसे नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए। आज लिए गए निर्णय आने वाले दशकों में भारत के मार्ग को प्रभावित करेंगे क्योंकि देश अपने इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। स्वामी विवेकानंद की सलाह 'उठो, जागो और आगे बढ़ो' आज भी लागू है।

## संपादकीय

### मणिपुर : इस्तीफे की घुट्टी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह 2017 में पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने थे।उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी। बीते दो वर्षों से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा। नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं। खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की। आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।

## चिंतन-मनन

### दुखी चित्त के लक्षण हैं उत्सव

दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है। नया मकान बनाओ, नई सड़कें लाओ, नए कारखाने, नई सारी व्यवस्था करो। उत्सव हमारे दुखी चित्त के लक्षण हैं। चित्त दुखी है वर्ष भर, एकाध दिन हम उत्सव मना कर खुश हो लेते हैं। वह खुशी बिल्कुल थोपी गई होती है।

क्योंकि कोई दिन किसी को कैसे खुश कर सकता है? दिन! अगर कल आप उदास थे और कल मैं उदास था, तो आज दिवाली हो जाए तो मैं खुश कैसे हो जाऊंगा? हां, खुशी का भ्रम पैदा करुंगा। दीये, पटाके, फुलझड़ियां और रोशनी धोखा पैदा करेंगी कि आदमी खुश हो गया। लेकिन ध्यान रहे, जब तक दुनिया में दुखी आदमी हैं, तभी तक दिवाली है। जिस दिन दुनिया में खुश लोग होंगे उस दिन दिवाली नहीं बचेगी, क्योंकि रोज ही दिवाली जैसा जीवन होगा। जब तक दुनिया में दुखी लोग हैं तब तक मनोरंजन के साधन हैं। जिस दिन आदमी आनंदित होगा उस दिन मनोरंजन के साधन एकदम विलीन हो जाएंगे। कभी यह सोचा न होगा कि अपने को मनोरंजित करने वही आदमी जाता है जो दुखी है। इसलिए दुनिया जितनी दुखी होती जाती है उतने मनोरंजन के साधन हमें खोजने पड़ रहे हैं। चौबीस घंटे मनोरंजन चाहिए, क्योंकि आदमी दुखी होता चला जा रहा है।

हम समझते है कि जो आदमी मनोरंजन की तलाश करता है, बड़ा प्रफुल्ल आदमी है। ऐसी भूल में मत पड़ जाना। सिर्फ दुखी आदमी मनोरंजन की खोज करता है। और सिर्फ दुखी आदमी ने उत्सव ईजाद किए हैं। पुराने पड़ गए चित्त में, जिसमें धूल ही धूल जम गई है; वह नए दिन, नया साल, इन सबको ईजाद करता है। और धोखा पैदा करता है थोड़ी देर। कितनी देर नया टिकता है? कल फिर पुराना दिन शुरू हो जाएगा। लेकिन एक दिन के लिए हम अपने को झटका देकर जैसे झाड़ देना चाहते हैं सारी राख को, सारी धूल को। उससे कुछ होने वाला नहीं है।

# संत रविदास जयंती : मानवतावादी संत थे संत रविदास



योगेश कुमार गोयल



समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महा- समाज सुधारक संत रविदास का जन्म वाराणसी के गोवर्धनपुर गांव में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के ही दिन उनकी जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है, इसीलिए इसी दिन संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। महा- संत, समाज सुधारक, साधक और कवि रविदास ने जीवन पर्यन्त छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराईयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। उनका जन्म ऐसे विकट समय में हुआ था, जब समाज में घोर अंधविश्वास, कुप्रथाओं, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला था, धार्मिक कट्टरपंथता चरम पर थी, मानवता कराह रही थी। उस जमाने में मध्यमवर्गीय समाज के लोग कथित निम्न जातियों के लोगों का शोषण किया करते थे। ऐसे विकट समय में समाज सुधार की बात करना तो दूर की बात, उसके बारे में सोचना भी मुश्किल था लेकिन जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रविदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

संत रविदास को 'रैदास' के नाम से भी जाना जाता है। वे गंगा मैया के अनन्य भक्त थे। संत रविदास को लेकर 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत बहुत प्रचलित है। इस कहावत का संबंध संत रविदास की महिमा को परिलक्षित करता है। वे जूते बनाने का कार्य किया करते थे और इस कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। एक दिन रविदास जूते बनाने में व्यस्त थे कि तभी उनके पास एक ब्राह्मण आया और उनसे कहा कि मेरे जूते टूट गए हैं, इन्हें ठीक कर दो। रविदास उनके जूते ठीक करने लगे और उसी दौरान उन्होंने ब्राह्मण से पूछ लिया कि वे कहां जा रहे हैं? ब्राह्मण ने जवाब दिया, 'मैं गंगा स्नान करने जा रहा हूं पर चमड़े का काम करने वाले तुम क्या जानो कि इससे कितना पुण्य मिलता है!' इस पर रविदास जी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं ब्राह्मण देवता, हम नीच और मलिन लोगों के गंगा स्नान करने से गंगा अपवित्र हो जाएगी। जूते ठीक होने के बाद ब्राह्मण ने उसके बदले उन्हें एक कौड़ी मूल्य देने का प्रयास किया तो संत रविदास ने कहा कि इस कौड़ी को आप मेरी ओर से गंगा मैया को 'रविदास की भेंट' कहकर अर्पित कर देना।

ब्राह्मण गंगाजी पहुंचा और स्नान करने के पश्चात जैसे ही उसने रविदास द्वारा दी गई मुद्रा यह कहते हुए गंगा में अर्पित करने का प्रयास किया कि गंगा मैया रविदास की यह भेंट स्वीकार करो, तभी जल में से स्वयं गंगा मैया ने अपना हाथ निकालकर ब्राह्मण से वह मुद्रा ले ली और मुद्रा के बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन देते हुए वह कंगन रविदास को देने का कहा। सोने का रत्न जड़ित अत्यंत सुंदर कंगन देखकर ब्राह्मण के मन में लालच आ गया और उसने विचार किया कि घर पहुंचकर वह यह कंगन अपनी पत्नी को देगा, जिसे पाकर वह बेहद खुश हो जाएगी। पत्नी ने जब वह कंगन देखा तो उसने सुझाव दिया कि क्यों न रत्न जड़ित यह कंगन राजा को भेंट कर दिया जाए, जिसके बदले वे प्रसन्न होकर हमें मालामाल कर देंगे। पत्नी की बात सुनकर ब्राह्मण राजदरबार पहुंचा और कंगन राजा को भेंट किया तो राजा ने ढ़ेर सारी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी। राजा ने प्रेमपूर्वक वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में पहनाया तो महारानी इतना सुंदर कंगन पाकर इतनी खुश हुई कि उसने राजा से दूसरे हाथ के लिए भी वैसे ही कंगन की मांग की।

राजा ने अगले ही दिन ब्राह्मण को दरबार बुलाया और उसे वैसा ही एक और कंगन लाने का आदेश देते हुए कहा कि अगर उसने तीन दिन में कंगन लाकर नहीं दिया तो वह दंड का पात्र बनेगा। राजाज्ञा सुनकर बेचारे ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह गहरी सोच में डूब गया कि आखिर दूसरा कंगन वो कहां से लाएगा? उसे जब और कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने निश्चय किया कि वह संत रविदास के पास जाकर उन्हें सारे वाकये की जानकारी देगा कि कैसे गंगा मैया ने स्वयं यह कंगन उसे उन्हें देने के लिए दिया था, जो उसने लोभवश अपने पास रख लिया। अंततः यही सोचकर वह रविदास जी की कुटिया में जा पहुंचा। रविदास उस समय प्रभु का स्मरण कर रहे थे। ब्राह्मण ने जब उन्हें सारे वृत्तांत की विस्तृत जानकारी दी तो रविदास जी ने उनसे नाराज हुए बगैर कहा कि तुमने मन के लालच के कारण कंगन अपने पास रख लिया, इसका पछतावा मत करो। रही बात राजा को देने के लिए दूसरे कंगन की तो तुम उसकी चिंता भी मत करो, गंगा मैया तुम्हारे मान-सम्मान की रक्षा करेंगी। यह कहते हुए उन्होंने अपनी वह कठौती (चमड़ा भिगोने के लिए पानी से भरा पात्र) उठाई, जिसमें पानी भरा हुआ था और जैसे ही गंगा मैया का आव्हान करते हुए अपनी कठौती से जल छिड़का, गंगा मैया वहां प्रकट हुई और रविदास जी के आग्रह पर उन्होंने रत्न जड़ित एक और कंगन उस ब्राह्मण को दे दिया। इस प्रकार खुश होकर ब्राह्मण राजा को कंगन भेंट करने चला गया और रविदास जी ने उसे अपने बड़प्पन का जरा भी अहसास नहीं होने दिया। ऐसे थे महान संत रविदास जी, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं।

(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# चीन : ऐसे किया जाता है विकास



विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है। 'मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमार्ग जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं।

सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पप्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षों में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है।

चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। गौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।

तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता। यदि केंद्र में और राज्य में दो अलग दलों की सरकार भी हो तो विकास कार्य पर किसी भी तरह की रोक लगाना आम जनता के साथ धोखा है। इसलिए यदि सही सोच वाला नेतृत्व सही योजनाओं को स्वीकृति करे तो ऐसे भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है और ताकलामाकन रेगिस्तान जैसे कई विकास कार्य दोहराया जा सकते हैं।





एक नजर

## गंगा नदी से महिला का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जनता घाट, कबूतरखोपी के पास गंगा नदी में एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 40 वर्षीय का शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, साहिबगंज भेज दिया। पुलिस द्वारा महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही मृत्यु के कारणों की जांच भी की जा रही है।

## अति महारुद्र यज्ञ आयोजन समिति की हुई बैठक

**साहिबगंज/बरहेट :** बरहेट के गुमानी नदी तट स्थित बाबा भूतेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में सोमवार की देर शाम श्री श्री 108 अति महारूद्र यज्ञ के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई। इस साल यज्ञ का 52 वा साल है। यज्ञ एवं मेला आयोजन को लेकर हुई बैठक प्रखंड उप प्रमुख रूपक कुमार साह की अध्यक्षता में हुई। निर्णय लिया गया कि इस साल भी होली के बाद 11 दिवसीय महायज्ञ एवं मेला आयोजित होगा। उप प्रमुख रूपक कुमार साह ने कहा कि यज्ञ एवं मेला क्षेत्र में पूरी तरह पारदर्शी एवं भक्तिमय माहौल में समस्त कार्यक्रम संपन्न हो। इसको लेकर प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। मेला को भव्य बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के खेल, तमाशा के साथ यज्ञ परिसर से कुछ दूर पर स्थित गुमानी नदी तट पर तीन दिवस महा गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसके मुख्य संरक्षक रूपक कुमार साह, अध्यक्ष चंद्रशेखर शाह, उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, सचिव अजय भगत, सहसचिव रूप कुमार मित्रा, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार मोदी, सह कोषाध्यक्ष छोटन कुमार दत्ता, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार डोकानिया, सह मीडिया प्रभारी केदार साह एवं सुनील साह, चंदा प्रभारी निरंजन भगत, सह चंदा प्रभारी कैलाश साह, यज्ञ प्रभारी शंभू प्रसाद डोकानिया, सहायक प्रभारी भीष्मपद नाथ, पेयजल प्रभारी हेमंत कुमार साह एवं गौरी शंकर साह, संरक्षण दिलीप सिंह, राजीव पांडे, सोमनाथ सिंह, राकेश गुप्ता एवं जयराम कुमार साह बनाए गए हैं।

## वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार मो नसीम अंसारी उम्र करीब 42 वर्षीय, पिता मो मकबूल, साकिन भगियामारी, थाना तालझारी, जिला साहिबगंज के रहने वाले अभियुक्त को विधिवत रूप से पुलिस ने गिरफ्तार कर कोविड जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में लाया गया। जहां जांच के उपरांत अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## माघी पूर्णिमा स्नान के लिए सैकड़ों श्रद्धालु राजमहल गए

**साहिबगंज/बोरियो :** माघी पूर्णिमा में गंगा स्नान के लिए सैकड़ों श्रद्धालु राजमहल के दिए आज मंगलवार को बोरियो से प्रस्थान किए। साफा होड़ का एक विशाल झुंड आज मंगलवार को राजमहल के लिए प्रस्थान किया। जहां 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा है। माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्थान के लिए बोरियो, बरहेट, घमनी, बोआरीजोर, ललमटिया, महगामा, गोड्डा, मोहनपुर, सहित कई गांव से लोग गंगा स्नान एवं पूजा अर्चना के लिए प्रतिवर्ष जाते हैं।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया राज्यकीय माघी मेला का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राज्य के आदिवासी महाकुंभ राज्यकीय माघी पूर्णिमा मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्था, गंगा घाट पर बैरिकेटिंग व्यवस्था, अस्थायी पंडाल, नियंत्रण कक्ष, मीडिया कक्ष और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि**

गंगा स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए, घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने गंगा घाट पर तैनात गोताखोरों, पुलिस बल और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी और बैरिकेडिंग की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए।

**यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था**

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पदाधिकारियों से कहा कि पार्किंग स्थलों को उचित रूप से चिह्नित किया जाए और वहां वाहनों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पार्किंग क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु आसानी से अपने वाहनों को पार्क कर सकें।

**स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाएं रहेंगी मुस्तैद**

मेले के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों ने यह निर्देश दिए कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहे। साथ ही, उन्होंने मेले में संक्रामक बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

## बोड़ाम के पहाड़पुर पंचायत के सबर टोला पहुंचे डीसी, जाना हालचाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के सबर गांवों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने तथा आदिम जनजाति लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की दिशा में जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल एवं आईटीडीए के परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी ने बोड़ाम प्रखंड के सुदूर कोयरा ग्राम के बाघाडीह सबर टोला में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन एवं ह्यूमन वेलनफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को जाना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों के बीच खिलौने, कॉपी-किताब, पेंसिल, पेन, युवाओं को फुटबॉल, क्रिकेट का बल्ला, बैडमिंटन तथा महिलाओं एवं बुजुर्गों के बीच कंबल, साड़ी, चादर, दरी आदि का वितरण किया। डीसी ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि वे सीधा अपनी समस्याओं को रखें। यह दौरा इस उद्देश्य से है कि सबर टोला की समस्याओं को समझ सकें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ले सकें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन आदिम जनजाति टोलों में सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है, जरूरी है कि सबर परिवार खुद भी आगे आकर योजनाओं के विषय में जागरूक हों तथा लाभ लें। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान भी पदाधिकारी, कर्मी आपके बीच आए होंगे, हो सकता है आपकी समस्याओं का संपूर्ण निराकरण नहीं हो पाया हो ऐसे में अपनी समस्याओं को संकलित कर बीडीओ को दें, जिला स्तर से मॉनिटरिंग करते हुए आपके बुनियादी समस्याओं के समाधान तथा सुविधाओं को धरातल पर लाने का प्रयास किया जाएगा।

## ड्रेन एवं पुलिया निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के बिंदुपाड़ा पंचायत अंतर्गत फरीदपुर गांव में 15 वित्त की मदद से बनाए जा रहे ड्रेन एवं कलभर्ट के निर्माण में घोर अनियमितताएं बरते जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। यह भी जानकारी मिली है कि काम करने वाले लाभुक समिति एवं मोहल्ले के लाभुकों के बीच रविवार को घटिया निर्माण कार्य को लेकर मारपीट की नौबत उत्पन्न हो गई थी पर ग्रामीणों के बीच बचाव के कारण मामला तत्काल टल गया है। पर दोनों पक्षों में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरीदपुर गांव में 15 वित्त की मद से करीब 200 मीटर तक जलनिकासी ड्रेन एवं कैल्वेट के निर्माण कार्य में बालू के जगह पर काफी मात्रा में घटिया डस्ट एवं सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा था,इसी को लेकर ग्रामीणों ने जब विरोध किया तो कार्य करा रहे उप मुखिया के पति एवं लाभुक समिति के लोगों के साथ कहा सुनी हो गई मामला मारपीट तक पहुंचने वाली थी कि ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव किया गया एवं मामला शांत हुआ।बताया जाता है कि चार-पांच दिन पहले ड्रेन के बगल में कैल्वेट का निर्माण किया गया था जो महज 5 दिन में ही टूट-फूट कर बर्बाद होने लगा है, यह भी झगड़ा का एक मुख्य कारण है ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया के पति एवं कुछ बिचौलिए मिलकर इस योजना में लूट खसोट मचा रखा है जिसे जांच किया जाना अति आवश्यक है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्य के देखरेख करने वाले कनीय अभियंता प्रवीण सिंह से जब संपर्क किया गया तो बताया कि कार्य में अनियमितता बरते जाने की समाचार उन्हें भी मिला है। इसलिए उनका भुगतान रोक दिया गया है कार्य के स्थलीय जांच की जाएगी एवं आला अधिकारी को इसके बारे में रिपोर्ट किया जाएगा। बीडीओ बरहरवा ने बताया कि मैं स्वयं इस योजना की जांच करुंगा एवं दोषी पाए जाने पर लाभुक समिति के अध्यक्ष पर कार्रवाई की जाएगी।



## माघी पूर्णिमा आज, आदिवासियों का महाकुंभ गंगा स्नान के साथ शुभारंभ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड में यह उत्सव माघ महीने की प्रत्येक पूर्णिमा को आयोजित किया जाता है। इस मेले का आदिवासी जीवन और संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। पूरे जिले और आस-पास के आदिवासी अपने पारिवारिक पुजारी के साथ यहां पूजा करने के लिए एकत्रित होते हैं, जो तीन दिनों तक चलता है। राजमहल प्रखंड पर स्तिथ सूर्य देव गंगा घाट पर महाकुंभ के तर्ज पर 12 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक राजकीय माघी पूर्णिमा मेला लगने वाला है। इस मेले की तैयारी लगभग जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। उत्तर वाहिनी गंगा नदी के तट पर लगने वाले इस माघी मेले को संथाल परगना के आदिवासी व बिदिन समाज के लोगों द्वारा महाकुंभ का दर्जा दिया गया है। इसलिए साफा होड़ गुरु बाबाओं द्वारा माघी पूर्णिमा के दिन ही गंगा नदी में गंगा स्नान कर पवित्र मन से बाबा भोलेनाथ, प्रभु श्रीराम व मां गंगा की पूजा अर्चना करते है। वहीं, माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने के लिए सिर्फ राज्य के संथाल परगना से ही नहीं बल्कि बंगाल, उड़ीसा और असम के अलावा कई अन्य राज्य से भी आदिवासी समुदाय के लोग बड़े संख्या में गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। साथ ही साथ गुरु बाबाओं द्वारा गंगा नदी के किनारे अखाड़ा भी लगाया जाता है। इधर, मेले की तैयारी को लेकर जिले के डीसी हेमंत सत्ती ने कहा कि मेले को लेकर खास तैयारी कर ली गई है। लोगों के ठहरने के लिए पंडाल बनाये गये हैं,साथ ही अस्थाई शौचालय का भी निर्माण कराया गया है,जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, ताकि मेले में आए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## सदर अस्पताल में नव निर्मित प्रसव कक्ष ओटी का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहेबगंज में नव निर्मित प्रसव कक्ष ओटी का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कई चिकित्सक उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई और प्रबंधन में लापरवाही देखने को मिली, जिससे उपायुक्त नाराज हो गए। उन्होंने संबंधित संवेदक को स्पष्टीकरण करते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कहा गया, यदि संवेदक द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं लाई जाती है तो संबंधित संवेदक को काली सूची में डालने का निर्देश दिया गया और अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं में सुधार करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधा देने और अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल में नई सुविधा का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे जिले में मातृ एवं शिशु देखभाल सेवाओं में सुधार होगा।

# साहिबगंज में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार साहेबगंज समाहरणालय सभागार में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' मनाया गया। इस वर्ष का थीम टुगेदर फॉर ए बेटर इंटरनेट था, जिसके तहत बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित एवं जागरूक उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

**साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता पर फोकस**

इस अवसर पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ उत्पन्न साइबर खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना था, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और लाभकारी उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार और परियोजना पदाधिकारी यूआईडी संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इंटरनेट से जुड़े विभिन्न खतरों जैसे फिशिंग, साइबर ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन बुलिंग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।





**विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए जागरूकता सत्र**

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, आम नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साइबर विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार सशक्त पासवर्ड का उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, संदिग्ध लिंक और मैसेज से बचाव, डेटा गोपनीयता बनाए रखना आदि उपायों से वे साइबर हमलों से सुरक्षित रह सकते हैं। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार ने कहा, डिजिटल युग में इंटरनेट का उपयोग अनिवार्य हो गया है, लेकिन इसके साथ खतरे भी बढ़े हैं। हमें अपनी डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी और सतर्क रहना होगा। उन्होंने साइबर सेल ऐप, हेल्पलाइन नंबर 1930 और अन्य सरकारी साइबर सुरक्षा पहल के बारे में भी जानकारी दी।

**महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सत्र**

महिलाओं और बच्चों को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। उन्हें सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय और साइबर बुलिंग के खिलाफ कार्रवाई करने के तरीके समझाए गए।

**प्रशासन का संदेश: 'जागरूक बनें, सुरक्षित रहें'**

कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि साइबर सुरक्षा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

संक्षिप्त खबरें

## उपायुक्त ने 38वें नेशनल गेम्स में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को किया सम्मानित



**सरायकेला :** खरसावां जिले में आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, दुगनी के प्रशिक्षु माधो बिरुआ जिसने 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में तीरंदाजी इंडियन राउंड मिक्स इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया है को सरायकेला खरसावां के उपायुक्त आदरणीय श्री रवि शंकर शुक्ला सर के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में पुष्पगुच्छ एंव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपयुक्त, सरायकेला खरसावां द्वारा आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र,दुगनी के प्रशिक्षक श्री बुद्ध श्रीनिवास राव सर, सुश्री रजनी पत्रों मैडम को माधो बिरुआ एंव अन्य होनहार खिलाड़ियों को तराशने, अच्छी प्रशिक्षण देने के लिए भी पुष्पगुच्छ एंव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त, सरायकेला खरसावां सर के द्वारा माधो बिरुआ को बहुत सारी शुभकामनाएं के साथ आगे आपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर अभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी, सरायकेला खरसावां से प्रशिक्षु माधो बिरुआ को खेल से संबंधित हर प्रकार की आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का निर्देश दिया। उपयुक्त, सरायकेला खरसावां द्वारा दोनों प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुए ऐसे ही निरंतर खिलाड़ियों को तराशने का कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## बिड़रा सांसद भवन में लगा रक्तदान शिविर 67 यूनिट रक्त संग्रह



**पटमदा :** वीर शहीद बाबा तिलका मांझी के जन्म जयंती के अवसर शाहिद स्मारक समिति के बैनर तले एमजीएम रक्त अधिकोष के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन पटमदा बिड़रा संसद भवन में किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं समाज निर्माण में अपना योगदान दिया। कुल 67 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो काफी सराहनीय है। रक्त दाताओं के लिए नास्ता एवं भोजन का प्रबंध किया गया था। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के विश्वनाथ महतो, गोपाल गोराई, प्रबोध महतो, पार्षद खगेन चंद्र महतो, पार्षद प्रदीप बेसरा, खांदू सिंह सरदार, मुखिया दीपक कोड़ा मुदी, मानिक चंद्र बेसरा, स्वपन कुमार, विजय महतो, उत्तम महतो, नरेश महतो, बिंदू वाला महतो, मुकुंदर, समन महतो, पंचायत सचिव रूमा कुमारी, सुभद्रा महतो, चरण महतो आदि रक्त संग्रह कर्ता डॉक्टर श्वेता सहाय, हुस्ने आरा, मॉयलेन टोपनों, राघव कुमार, कुमार रितुराज, ओम प्रकाश, स्वेता सुमराई, राजेश कुमार, अनामिका मंडल, रंजन पासवान, सुधाकर सोरेन, अरिल आनन्द, अनूप साहा आदि।

## बेलटांड़ चौक में बाबा तिलका मांझी की 275वीं जयंती समारोह का हुआ आयोजन



**पटमदा :** माझी पारगाना महाल बारहा दिशोम पटमदा के तत्वावधान में मंगलवार को बेलटांड़ चौक पर स्थित तिलका पार्क में देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी की 275 वां जन्म जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलका माझी के मूर्ति पर पूजा अर्चना करते हुए किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, दीपंकर महतो व सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मंडल शामिल होकर तिलका माझी के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पहले सैकड़ों महिलाओं ने पटमदा बाजार से बेलटांड़ तिलका पार्क तक रैली निकाली। शाम में गाड़ीग्राम व बस्ती पटमदा की दो महिला टीमों के द्वारा पाता नाच कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्यकारी देश पारगाना बारहा दिशोम कमलकांत मुर्मू, देश पारानिक बारहा दिशोम जीतु मुर्मू, दिवाकर टुडू, ग्राम प्रधान सुधीर टुडू, सनत बेसरा, हरिहर टुडू, सिजेन हेम्ब्रम, जितेन मुर्मू, सुफल टुडू,उदय मुर्मू, शंकर मांडी, मोहनलाल बास्के समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## एसयूसीआई ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिला चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा



**सरायकेला :** मंगलवार को एस यू सी आई चांडिल अनुमंडल कमेटी की ओर से निम्नलिखित मांगों को लेकर जिला चिकित्सा पदाधिकारी सरायकेला, डॉक्टर अजय कुमार सिंहा को ज्ञापन सपा गया। सौ बेड वाला अनुमंडल अस्पताल को अविलंब चालू करना होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांडिल में बेड सहित इलाज के लिए तमाम तरह की जांच जैसे एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। कुकड़ू ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करना होगा। इन मांगों को लेकर जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अजय कुमार सिंहा से बहुत सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने कहा दो हफ्ते के अंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांडिल में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड जैसे तमाम तरह की जांच की व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांडिल में बेड की व्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा की भवन नहीं है, भवन उपलब्ध हो जाने से ही बेड की व्यवस्था की जाएगी। सौ बेड वाला अनुमंडल अस्पताल को चालू करने की मांग पर उन्होंने कहा कि जैसे ही भवन हमको हस्तांतरित कर दिया जाता है हम अनुमंडल अस्पताल को चालू कर देंगे। कुकडू में ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की मांग पर उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के सचिव को हमने कुकडू ब्लॉक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने एवं भवन निर्माण के लिए लेटर पत्रांक-3314 दिनांक : 17/12/2024 भेज चुके हैं। जैसे ही स्वीकृति मिल जाएगी भवन बन जाएगी कुकडू ब्लॉक मे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चालू कर देंगे।

# पतंजलि फूड ने चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में बंपर मुनाफा कमाया

नई दिल्ली ।

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड लिमिटेड ने चालू वित्त तवर्ष की तीसरी तिमाही में बंपर मुनाफा कमाया है। कंपनी की विज्ञापनों और मार्केटिंग पर फोकस करने का तरीका काम आया और उसे दिसंबर तिमाही में 71 फीसदी का नेट प्रॉफिट मिला है। इस दौरान कंपनी का खर्च भी 13 फीसदी बढ़ा है। पतंजलि फूड लिमिटेड का कहना है कि उसकी सबसे ज्यादा कमाई का जरिया खाने वाला तेल है। दिसंबर तिमाही में हुई कुल कमाई में से 6,717 करोड़ रुपये सिर्फ इडिबल ऑयल सेंगे मेंट से आए हैं कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 216.54 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल कमाई बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,910.70 करोड़ रुपये थी। दूसरी तरफ खाने-पीने की अन्य चीजों का कारोबार नीचे आ गया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 2,499 करोड़ रुपये से 18.4 फीसदी गिरकर 2,038 करोड़ रुपये पर आ गया है। कंपनी ने अपनी मार्केटिंग रणनीति में भी बदलाव किया है और ग्राहकों के बीच भरोसा बढ़ाने और उत्पादों की पहुंच को सामान्य करने के लिए जमकर पैसे खर्च कर रही है।




कंपनी ने पिछली तिमाही में अपने कुल खर्चों का 2.5 फीसदी विज्ञापन और बिक्री प्रचार पर खर्च किए हैं। अभी शिल्पा शेट्टी, शाहिद कपूर, एमएस धोनी और भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल से अपने प्रोडक्ट के विज्ञापन करा रही है।

## ऑस्ट्रेलियाई इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क छूट पर विचार कर रहे हैं: ट्रंप



मेलबर्न ।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क छूट पर विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को इस्पात तथा एल्युमीनियम आयात पर शुल्क की घोषणा से पहले ट्रंप से फोन पर बातचीत की और छूट की मांग की थी। ट्रंप ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ अमेरिका का व्यापार अधिशेष उन कारणों में से एक है जिसकी वजह से वह शुल्क से छूट पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार के बारे में ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमारे पास वास्तव में अधिशेष है। यह उन कुछ देशों में से एक है, जिनके साथ हमारे पास अधिशेष है। मैंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर हम गहनता से विचार करेंगे। ट्रंप ने इस्पात पर 2018 के शुल्क से अपवादों और छूटों को हटाने के बाद यह बात कही, जिसका मतलब है कि सभी इस्पात आयातों पर न्यूनतम 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। 2018 के 10 प्रतिशत एल्युमीनियम शुल्क को भी बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले अल्बनीज ने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा था कि उन्होंने छूट के लिए ऑस्ट्रेलिया का पक्ष रखा और दोनों नेताओं ने सार्वजनिक रूप से फैसले की घोषणा करने पर सहमति व्यक्त की, जो यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस बात पर सहमत हुए कि हमारे दोनों देशों के हित में छूट पर विचार किया जा रहा है।

## एलन मस्क ने दिया 97.4 अरब डॉलर में ओपनएआई खरीदने का ऑफर

- मस्क ने 2015 में ओपनएआई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी

नई दिल्ली ।

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की लीडरशिप में निवेशकों के एक ग्रुप ने एआई मॉडल चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई को खरीदने के लिए लगभग 97.4 अरब डॉलर की पेशकश की है। यह कदम उस कानूनी विवाद को और बढ़ा सकता है, जो मस्क और ओपनएआई के बीच चल रहा है। मस्क ने 2015 में ओपनएआई की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन अब वह इसे वापस उसके मूल उद्देश्य- एक गैर-लाभकारी शोध संस्थान के रूप में- लाने की कोशिश कर रहे हैं। मस्क की एआई कंपनी और अन्य निवेश फर्मों का यह समूह ओपनएआई का नियंत्रण हासिल करना चाहता है। मस्क के वकील मार्क टोबेरॉफ के मुताबिक उनका लक्ष्य ओपनएआई को उसके शुरुआती मिशन पर लौटाना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में लाभ कमाने की बजाय शोध और विकास पर केंद्रित था। इस प्रस्ताव के बाद ओपनएआई और मस्क के बीच कानूनी खींचतान और तेज होने की संभावना है। मस्क और उनकी कंपनी



एक्सएआई के साथ इस बोली का समर्थन करने वालों में बैरन कैपिटल ग्रुप, वेलोर मैनेजमेंट, एट्रेड्स मैनेजमेंट, वीवाई फंड, इमैनुएल कैपिटल मैनेजमेंट और ऐट पार्टनर्स वीसी शामिल हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एलन मस्क के सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर इस डील को तुरंत खारिज कर दिया। मस्क को करारा जवाब देते हुए उन्होंने कहा, नहीं धन्यवाद, लेकिन अगर आप चाहें तो हम ट्विटर को 9.74 अरब डॉलर में खरीद सकते हैं। बता दें कि मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था, जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है। मस्क और ऑल्टमैन ने 2015 में मिलकर ओपनएआई की शुरुआत की थी। बाद में दोनों इसके नेतृत्व को लेकर एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने लगे। 2018 में मस्क ने ओपनएआई के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद से ही दोनों के बीच इसकी दिशा को लेकर विवाद चल रहा है।

## देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.31 डॉलर प्रति बैरल हुआ



नई दिल्ली ।

सरकारी तेल कंपनियों की ओर से मंगलवार सुबह जारी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में गिरावट दिख रही है। मंगलवार को देश के कई शहरों में तेल के दाम नीचे आए हैं, जबकि कुछ जगहों पर इसकी कीमतों में तेजी दिख रही। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव गिरने का असर खुदरा मार्केट में भी दिख रहा है और यूपी सहित कई जगहों पर पेट्रोल-डीजल के दाम गिर गए। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 39 पैसे सस्ता होकर 94.50 रुपये लीटर बिक रहा है, डीजल भी 45 पैसे गिरा और 87.58 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे चढ़कर 105.58 रुपये और डीजल 33 पैसे बढ़त के साथ 92.42 रुपये लीटर हो गया है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 24 पैसे गिरकर 94.87 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 24 पैसे टूटकर होकर 87.73 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में भी थोड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 74.31 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी तेजी के साथ 70.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.50 रुपये और डीजल 87.58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 92.42 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.87 रुपये और डीजल 87.73 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# रिलायंस पावर ने भारी नुकसान के बाद 41.95 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया

-निवेशकों की निगाहें अब कंपनी के विकास और शेयर प्रदर्शन पर टिकी

नई दिल्ली।

भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रिलायंस पावर भारी नुकसान झेलने के बाद अब कंपनी मुनाफे की ओर लौट आई है। अक्टूबर से दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी ने 41.95 करोड़ का शुद्ध लाभ हासिल किया है, जो पिछले साल की समान अवधि में 1,136.75 करोड़ के नुकसान की तुलना में जबरदस्त सुधार है। कंपनी के आय बढ़ाने और खर्चों को नियंत्रित करने की रणनीति ने इसे घाटे से उबरने में मदद की है। अब निवेशकों की निगाहें कंपनी के आगे के विकास और शेयर प्रदर्शन पर रहेंगी। सितंबर 2024 तिमाही में 2,878.15 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ था, जो एक सहायक कंपनी के विघटन से हुए एकमुश्त लाभ की वजह से संभव हुआ है। हालांकि, संचालन से होने वाली आय 4.6 फीसदी घटी और 1,852 करोड़ रही थी। तिमाही नतीजों के बाद रिलायंस पावर के शेयरों में उछाल आया, लेकिन बाजार के दबाव के कारण फिर गिरकर 39.65 पर ट्रेड कर रहा है। 2020 में 1 रुपए के लो से बढ़कर 39.65 तक पहुंचना भी इस कंपनी के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। रिलायंस पावर ने जीरो बैंक लोन कंपनी का दर्जा हासिल कर लिया है। डेट-टू-इक्विटी रेश्यो 1.61÷1 से घटकर 0.86÷1 हो गया, जो इस सेक्टर में सबसे कम है। कंपनी ने हाल ही में सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से 930 मेगावाट के सोलर+बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम प्रोजेक्ट का ठेका हासिल किया है। यह एशिया का सबसे बड़ा सोलर और बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट होगा। यह प्रोजेक्ट 3.53 प्रति किलोवाट घंटे की दर से जीता गया है।

## रुपया भारी गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया। व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के एल्युमीनियम तथा इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद बढ़ते व्यापार तनाव के बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.40 पर पहुंच गया।



## अडानी ग्रुप ने की मेयो से साझेदारी, भारत में करेंगे हेल्थ सिटी का निर्माण

**अहमदाबाद।** अडानी समूह ने अमेरिका की प्रतिष्ठित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी कर अडानी हेल्थ सिटी (एएचसी) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, किफायती स्वास्थ्य सेवाएं और मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देना है। अडानी परिवार ने पहले दो हेल्थ सिटी परिसरों के निर्माण के लिए 6 हजार करोड़ रुपए दान किए हैं। मुंबई और अहमदाबाद में एक हजार बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। यह दान हाल ही में जीत अडानी की शादी के अवसर पर घोषित 10 हजार करोड़ रुपए के सामाजिक योगदान का हिस्सा है। गौतम अडानी ने कहा कि यह पहल पूरे भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा इनोवेशन लाने की दिशा में एक अहम कदम है। दुनिया के सबसे बड़े गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह मेयो क्लिनिक की तकनीकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल एएचसी परिसरों में किया जाएगा। इन परिसरों में मेडिकल कॉलेज, अनुसंधान केंद्र और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं होंगी। हर साल यहां 150 स्नातक, 80 से ज्यादा निवासी और 40 से ज्यादा फेलो को प्रवेश मिलेगा। अडानी हेल्थ सिटी का उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों को किफायती और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह पहल भारत को स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक लीडर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## ओएनजीसी ने मुंबई हाई फील्ड का उत्पादन 60 प्रतिशत बढ़ाने बीपी से किया समझौता

नई दिल्ली ।




तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने अगले दशक में अपने प्रमुख मुंबई हाई तेल एवं गैस क्षेत्र से उत्पादन 60 फीसदी तक बढ़ाने के लिए वैश्विक तेल कंपनी बीपी के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा` कि बीपी भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक उत्पादक अपतटीय तेल क्षेत्र मुंबई हाई फील्ड के लिए तकनीकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) होगी। इसमें कहा गया` कि ओएनजीसी क्षेत्र का स्वामित्व और परिचालन नियंत्रण बरकरार रखेगा। अनुबंध की शर्तों के तहत बीपी को अपने तैनात कर्मियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए एक निश्चित शुल्क मिलेगा। इसके बाद वृद्धिशील तेल व गैस उत्पादन से जुड़ा एक सेवा शुल्क मिलेगा।' पी क्षेत्र के वर्तमान उत्पादन में गिरावट को स्थिर करने तथा इसे मजबूत विकास पथ पर पुनः लाने के लिए ओएनजीसी के साथ मिलकर काम करेगी। ओएनजीसी ने पिछले महीने कहा था कि बीपी सौदे से तेल व गैस उत्पादन में वृद्धि से 10.3 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व लाभ होगा। ओएनजीसी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा कि टीएसपी के साथ जुड़कर ओएनजीसी का लक्ष्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाकर मुंबई हाई फिल्ड की बढ़ी हुई क्षमता का दोहन करना है। साथ ही भारत के ऊर्जा परिदृश्य में इसके भविष्य के योगदान को सुनिश्चित करना है। बीपी इंडिया के चेयरमैन ने कहा कि ओएनजीसी द्वारा साझेदार के रूप में चुने जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

# ट्रेड वॉर की आशंका से शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1018 अंक गिरा

निफ्टी भी 309 अंक नीचे आया, निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपये डूबे

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ट्रेड वॉर की चेतावनी से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे निवेशकों ने अपना पैसा बाजार से निकाल लिया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 1018.20 अंक करीब 1.32 फीसदी ऊपर आकर 76,293.60 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 309.80 अंक तकरीबन 1.32 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 23,071 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान भारती एयरटेल के अलावा सेंसेक्स की सभी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। जोमैटो के शेयर में सबसे ज्यादा 5.24 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, अल्ट्रा सीमेंट, सनफार्मा, टीसीएस, महिंद्रा, रिलायंस के शेयर भी गिरे। जानकारों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से भी बाजार टूटा है। विदेशी निवेशकों ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में 2463.72 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इसके अलावा ट्रम्प ने अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषया की। उन्होंने और अधिक टैरिफ लगाने की भी चेतावनी दी है। इससे दुनिया भर के बाजारों में भय का महौल बना और बाजार गिरने लगा।

मुनाफावसूली के साथ ही कमजोर मार्जिन की रिपोर्ट से भी आयशर मोटर्स के शेयरों में कारोबार के दौरान 6.8 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा अपोलो हॉस्पिटल के शेयर भी 5 फीसदी नीचे आये। बाजार में आई इस गिरावट से निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये



का घाटा हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,17,71,803 करोड़ रुपये से घटकर 4,08,53,774 करोड़ रुपये रह गया।

**वहीं गत दिवस भी बाजार में गिरावट रही थी।**

इससे पहले आज सुबह बाजार बार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 77,384 पर खुला। हालांकि, कमजोर सेंटीमेंट्स की वजह से कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया। शुरुआत में सेंसेक्स 195 अंक गिरकर 77,115 पर कारोबार कर रहा था। इस तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मामूली बढ़त के साथ 23,383 पर खुला लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में फिसल गया।

## भारतीय आईटी उद्योग में बढ़ सकता है जेनरेटिव एआई का 45 फीसदी तक उपयोग: सर्वे

**नई दिल्ली ।** भारतीय आईटी उद्योग को नए उच्चाधिकारी मिले हैं क्योंकि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग अगले पांच सालों में इसकी उत्पादकता को 43-45 फीसदी तक बढ़ा सकता है। एक कंसल्टिंग फर्म द्वारा किया गया सर्वे बताता है कि ऐसी शीर्ष आईटी कंपनियां जैसे कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस, एआई के इस्तेमाल को एक नया क्रम में ले रही हैं। इस सर्वे में अनुदानकर्ताओं ने बताया कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट क्षेत्र में उत्पादकता में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि होगी। इसके अलावा, बीपीओ सेवाओं में 52 फीसदी और आईटी परामर्श में 47 फीसदी का सुधार देखा जा सकता है। इन सेवाओं के योगदान से तकनीकी सेवाओं की समग्र उत्पादकता में 50-60 फीसदी की वृद्धि होगी। इस मामले में ईवाई इंडिया के एक प्रौद्योगिकी परामर्श भागीदार ने बताया कि एआई का उपयोग करने वाली कंपनियां उत्पादन में शानदार सफलता पा रही हैं। यह वृद्धि एआई की क्षमता को और भी मजबूती देती है और उद्योग को बड़ी मात्रा में लाभ पहुंचाती है।

# नए एंट्री-लेवल ईवी को फॉक्सवैगन ने किया टीज

नई दिल्ली ।

अपने नए एंट्री-लेवल ईवी को फॉक्सवैगन ने आधिकारिक तौर पर टीज किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह ईवी जल्द ही लॉन्च होने वाली है। कंपनी सूत्रों के अनुसार, यह इलेक्ट्रिक कार फॉक्सवैगन की बंद हो चुकी अप हैचबैक का ऑल-इलेक्ट्रिक रिप्लेसमेंट होगी। इस नए मॉडल को फॉक्सवैगन आईडी.2 आल हैचबैक के नीचे पोजिशन किया जाएगा और इसकी संभावना है कि इसे आईडी. वन या आईडी. वन के नाम से बाजार में पेश किया जाएगा। टीज़र में, कार के आयताकार हेडलैम्प्स को 3डी एलईडी ग्राफिक्स के साथ दिखाया गया है, जो वीडब्ल्यू लोगो के साथ एक ब्लैक ग्रिल में इंटिग्रेटेड हैं। इसके अलावा, फ्रंट बम्पर पर वर्टिकल डीआरएल और हल्के ढंग से गढ़े गए फेंडर नजर आ रहे हैं, जो इसके डिज़ाइन को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस इलेक्ट्रिक हैचबैक में 5 डोर और थोड़ा ऊंचा रग्ड लुक




होगा, जो इसे एक मजबूत और मैस्क्युलिन फील देता है। यह नया ईवी एमईबी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा, जिसे आईडी.2 आल हैचबैक के साथ साझा किया जाएगा, हालांकि इसका वर्जन थोड़ा छोटा होगा।

इस ईवी में सिंगल मोटर सेटअप और एक कॉम्पैक्ट बैटरी पैक हो सकता है, जो लागत को कम रखने में मदद करेगा। 2027 तक, फॉक्सवैगन अपने 9 नए इलेक्ट्रिक मॉडल्स को लॉन्च करेगा, जिनमें से यह एक होगा। यह नया एंट्री-लेवल मॉडल यूरोपीय बाजार में स्कोडा और सीट ईवी के साथ भी साझा किया जाएगा, जिसमें समान प्लेटफॉर्म और पावरट्रेन का उपयोग किया जाएगा।

## भारत तैयार है न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घरेलू तेल विपणन कंपनियों के गैस तलाश पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। पुरी ने जताया कि भारतीय ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से ऊर्जा आपूर्ति पर असर की चिंताओं को दूर किया। उन्होंने बताया कि भारत अब 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहा है, जिसमें अर्जेंटीना भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने उज्जवला योजना के तहत प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में कमी की बात की और प्रस्तावित है कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से वितरित होने के साथ 30 प्रतिशत सस्ती है। इससे पहले भारतीय ऊर्जा सबंधी विभाग ने एलएनजी और कच्चा तेल खरीदने की निविदाएं जारी की हैं, जिससे छूट मिल सके। पुरी ने कहा कि भारत आयात के समय सस्ते स्रोत से खरीद कर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति निरंतर संकल्प प्रकट किया और गैस तलाश के साथ-साथ प्राकृतिक गैस का उपयोग बढ़ाने का संकल्प जताया।

## सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग रिकॉर्ड स्तर पर




**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग मजबूत आवास मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में 2.8 गुना होकर रिकॉर्ड 8,670 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 8,670 करोड़ रुपये की प्री-सेल या बिक्री बुकिंग हासिल की, जो` पिछले अवित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 3,120 करोड़ रुपये थी। यानी 178 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। सिग्नेचर ग्लोबल ने समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री का अनुमान लगाया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7,270 करोड़ रुपये रही थी। सिग्नेचर ने समीक्षाधीन अवधि में 16,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कीं। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में मजबूत राजस्व वृद्धि और लाभप्रदता के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन इसकी रणनीतिक पहलों और निष्पादन क्षमताओं की सफलता को दर्शाता है।

## मुकेश अंबानी ने परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाई

# 1.23 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया

**प्रयागराज:** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे। अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई। प्लेन से महाकुंभ का भव्य नजारा भी देखा। इससे पहले अंबानी फैमिली परमार्थ निकेतन शिविर पहुंची। यहां स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से मुलाकात की। अंबानी फैमिली ने विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- अंबानी फैमिली ने व्यापार में ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। यही नहीं, उन्होंने संस्कारों के साथ अपने जीवन को जीते हुए समाज के कल्याण की दिशा में भी काम किया है।






स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- 100 हाथों से कमाओ और हजार हाथों से बांटों। जीवन का वास्तविक अर्थ केवल कमाना नहीं, बल्कि उसे साझा करना, देना और समाज के लिए जीना है। यही संदेश धीरूभाई अंबानी भी अपने जीवन से सभी को दिया और आज पूरा अंबानी परिवार उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।

स्वामी चिदानंद बोले- धीरूभाई अंबानी समाज और देश के लिए जीते थे स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- जीवन केवल बटोरने का नाम नहीं है, बल्कि जीवन का उद्देश्य है दूसरों के साथ अपना ज्ञान और अपना समय बांटना। अंबानी परिवार का जीवन भी एक आदर्श है। उन्होंने यह बताया कि धीरूभाई अंबानी का जीवन न केवल अपने लिए था, बल्कि वे समाज और देश के लिए भी जीते थे। आज उनके परिवार का यही मार्गदर्शन है और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान भी है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- सिर्फ अपने बारे में सोचना एक संकीर्ण दृष्टिकोण है, जबकि सच्चा जीवन वह है, जिसमें हम न केवल अपने लाभ की परवाह करें, बल्कि दूसरों के दर्द को महसूस करें। उसे कम करने का प्रयास करें। यही जीवन का सच्चा उद्देश्य है।

अंबानी फैमिली ने विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित की साध्वी भगवती सरस्वती ने भी अंबानी परिवार के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा- अंबानी परिवार न केवल आर्थिक क्षेत्र में उच्चतम शिखर पर है, बल्कि यह एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किसी भी परिवार का उच्चतम आदर्श समाज सेवा और संस्कारों में होता है।

इस अवसर पर अंबानी परिवार ने स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती के सानिध्य में विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। उन्होंने इस यज्ञ के माध्यम से संसार में शांति और कल्याण की कामना की। सभी के सुखमय जीवन की प्रार्थना की।

## पति से परेशान होकर महिला ने गंडक में लगाई छलांग



बगहा में पारिवारिक विवाद से परेशान नेपाली महिला ने नदी में छलांग लगा दी। महिला का पति उसके माता-पिता के बारे में हमेशा बुरा-भला कहता था। इससे परेशान होकर मंगलवार को उसने सुसाइड की कोशिश की।

घटना गंडक बराज के फाटक संख्या 30 की है। वहां से गुजर रहे ऑटो चालक की नजर डूबती महिला पर पड़ी। चालक ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद गंडक की तेज धार से वो महिला को बाहर निकालने में सफल रहा। महिला की पहचान नेपाल के सिमनी प्रतापपुर निवासी अनिता देवी के रूप में हुई है।

ऑटो चालक की पहचान वाल्मीकि नगर के गोल चौक निवासी रामजी शाह का बेटा सरल कुमार के रूप में हुई है। वो ऑटो से सैलानियों को इंडिया से नेपाल ले जाने का काम करता है। घटना के समय भी वो पूल से नेपाल की ओर जा रहा था। सरल ने महिला को एपीएफ की मदद से नेपाल के शिवगढ़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है।

### विधानसभा चुनाव से पहले टूट जाएगा इंडिया गठबंधन

# सांसद राजेश वर्मा बोले– 2025 में एनडीए 225 सीटों के साथ सरकार बनाएगी

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद राजेश वर्मा ने मंगलवार को कहा है कि 'बिहार में इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) विधानसभा चुनाव से पहले टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके घटक दल एनडीए में शामिल होंगे, जो बचेंगे, उनके बीच घमासान मचेगा, जिससे उनका सफाया हो जाएगा। एनडीए 225 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी।'





**नीतीश कुमार के बेटे का राजनीति में स्वागत है**

दिल्ली में पार्टी की मजबूती और संगठन विस्तार पर जोर देते हुए राजेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी की मौजूदगी अहम है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने 50 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए हैं। संगठन को और मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा। वहीं, नीतीश कुमार के बेटे के राजनीति में आने पर कहा कि जो युवा सकारात्मक राजनीति के साथ आना चाहते हैं, उनका स्वागत होना चाहिए।

**इंडिया गठबंधन बिखर चुका है**

लोजपा(रामविलास) नेता ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह बिखर चुका है। इसके कई घटक दल जल्द ही इससे अलग हो जाएंगे। बिहार लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के समर्थन में उन्होंने कहा कि सरकार और लोक सेवा आयोग को अभ्यर्थियों से बातचीत करनी चाहिए, ताकि उनके साथ न्याय हो सके।

### 4 साल पुराने केस में अनुसंधान के लिए मांगे थे 1 लाख, 75 हजार में तय हुई थी डील

# दारोगा रिश्वत लेते गिरफ्तार, परीक्षा ड्यूटी से ले गई निगरानी





सत्येंद्र राम डीएसपी निगरानी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार को घूस लेते सरैया थाना में पदस्थापित दारोगा रोशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई पटना विजिलेंस की टीम ने की है। दरअसल, सरैया थाना के निवासी अवधेश प्रसाद सिन्हा ने जमीन विवाद को लेकर केस किया था। दारोगा रोशन केस के आईओ थे। जिनकी आज हाईस्कूल में परीक्षा ड्यूटी थी, तभी टीम उठा लेकर ले गई।

दारोगा ने केस में सहयोग करने के लिए अवधेश से 1 लाख रुपए रिश्वत मांगे थे, लेकिन डील 75 हजार रुपए में हुई। इसकी सूचना अवधेश ने पटना विजिलेंस की टीम को दी थी। जिसके बाद टीम ने दारोगा को 75 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

तीन गाड़ियों से आई थी 12 अधिकारियों की टीम

बताया गया कि जमीन विवाद 2020 का है। उसी वक्त पीड़ित ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इसी केस के अनुसंधान के एवज में दारोगा ने रुपए की डिमांड की थी। पीड़ित अवधेश ने करीब एक सप्ताह पहले विजिलेंस की टीम से दारोगा के खिलाफ शिकायत की थी।

टीम ने जांच के बाद मामले का सत्यापन किया। जिसके बाद आज दारोग को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंट की टीम पटना से तीन गाड़ियों से आई थी।

टीम में 12 अधिकारी थे। दारोगा को गिरफ्तार करने के बाद गाड़ी में बैठाया और सर्किट हाउस ले गए। वहां उनसे पूछताछ और कागजी कार्रवाई की गई। कल दारोगा को कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। चर्चा है कि दारोगा ने इससे पहले भी कई लोगों से घूस लिया है।


परीक्षा ड्यूटी में थे दारोगा

निगरानी विभाग के डीएसपी सत्येंद्र राम ने कहा कि सरैया थाना में पदस्थापित 2019 बैच के रोशन सिंह छपरा जिला के अवतार नगर के रहने वाले हैं। मड़वन प्रखंड के हाईस्कूल में दारोगा परीक्षा ड्यूटी लगी थी। दारोगा ने अवधेश को रिश्वत के पसे वहीं पर लेकर आने के लिए कहा था।

दारोगा पैसे ले ही रहे थे कि उन्हें पकड़ लिया गया। कल इनको माननीय न्यायालय में ले जाया जाएगा।

## संपत्ति विवाद में बढ़ रही आपराधिक घटनाए

दरभंगा रेंज की उक्क्ष स्वप्ना गौतम मंगलवार को समस्तीपुर पहुंची। अरढ संजय पांडे के कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची है। उक्क्ष के पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी गई इस मौके पर रढ अशोक मिश्रा भी मौजूद थे।



सदर अनुमंडल क्षेत्र में घटित घटनाओं की समीक्षा की। इस दौरान डीआईजी ने कहा कि समीक्षा के दौरान आपराधिक घटनाओं के साथ ही संपत्ति को लेकर होने वाली घटना को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि संपत्ति विवाद को लेकर घटनाएं न हो। इनमें हत्या की वारदात भी हुई। ऐसे केस में पुलिस पदाधिकारी को चौकस रहने को कहा गया है।

शहर के मोहनपुर रोड रिलायंस ज्वेलर्स में लूट के मामले पर उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस की टीम काम कर रही है। रिकॉर्ड की समीक्षा की गई है इस मामले में जो अपराधी चिह्नित और फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इस घटना की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

गश्ती बढ़ाने के लिए भी कहा

डीआईजी ने कहा कि समीक्षा के दौरान सभी थाना क्षेत्र में गश्ती प्रॉपर रूप से हो, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा के दौरान कई पुराने कांडों की समीक्षा की गई है। निर्देश जारी किया गया है कि इस कांड में समीक्षा कर इसका त्वरित निष्पादन किया जाय।

समय-समय पर अधिकारी पहुंचते रहते हैं- एसपी

रढ अशोक मिश्रा ने बताया कि यह विभागीय प्रक्रिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### पटना में बाइक से जा रहे थे तीनों, 2 की हालत गंभीर; एक का पैर टूटकर मुड़ा



**पटना।** पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम सड़क हादसे में जहानाबाद के 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुनपुन थाना के बाईपास पर घटना हुई है। बताया गया कि वाहन ने मोटरसाइकिल सवार तीनों युवकों को कुचल दिया था।


मृतक की पहचान जहानाबाद के ओखरी गांव निवासी पुष्कर कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के समय तीनों युवक पटना से जहानाबाद की ओर जा रहे थे।

***सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस***

पुनपुन थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर वाहन और चालक की पहचान में जुटी है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### 8 घंटे में आर्म्स सप्लायर सहित 4 लुटेरे गिरफ्तार, देसी कट्टा और लूटा हुआ कैश मिला



**पटना।** पटना के परसा बाजार में हुई लूटपाट का पुलिस ने महज 8 घंटे में खुलासा कर दिया है। मंगलवार को तीन लुटेरे और एक हथियार सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटा गया कैश, बाइक और हथियार बरामद किए गए हैं। घटना 10 फरवरी की देर रात की है। सब्जी विक्रेता चंदन कुमार अपनी दुकान बंद कर पुनपुन बांध के रास्ते घर जा रहे थे। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के पास मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उन्हें रोका और हथियार दिखाकर 2000 रुपए लूट लिए।

***पिस्टल की बट से किया था अटैक***

जब अपराधी मोबाइल छीनने का प्रयास करने लगे और चंदन ने विरोध किया, तो उन्होंने पिस्टल के बट से हमला कर चंदन को घायल कर दिया। स्थानीय लोगों और पुलिस के पहुंचने से पहले ही अपराधी फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर परसा बाजार थाना पुलिस ने कार्रवाई की। टेक्निकल जांच के बाद पुलिस ने अभिषेक कुमार (18), राजीव कुमार (18), अभिषेक कुमार (25) और हथियार सप्लायर नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और लूटे गए 2000 रुपए बरामद किए गए हैं। सदर एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपराधियों को जल्द पकड़ने में सफलता मिली।

### बाइक सवार ने कार ड्राइवर की पिटाई की थी, गाड़ी का शीशा भी तोड़ा था



**पटना।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के रामगंज में एक पेट्रोल पंप पर रविवार की देर शाम को तोड़फोड़ हुई थी। कार ड्राइवर और बाइक से आए युवक के बीच विवाद हो गया था। इसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया है।

फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पेट्रोल पंप के मैनेजर अजय कुमार ने गौरीचक थाने में तीन नामजद लोगों के खिलाफ रंगदारी का मामला दर्ज कराया है।

तेल भरवाने को लेकर विवाद हुआ था

दरअसल, तेल भरवाने को लेकर बाइक सवार और कार ड्राइव के बीच लड़ाई हुई थी। बाइक सवार पास के गांव का ही थी। उसने कई लोगों को बुला लिया था। इसके बाद कार ड्राइवर की पिटाई कर दी थी। कार का शीशा भी तोड़ दिया था।

सीसीटीवी फुटेज की हो रही जांच

गौरीचक थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पहले तेल भरवाने को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने रंगदारी की बात से इनकार किया। साथ ही कहा कि बाइक सवार आसपास के गांव का था। इस वजह से अपने साथियों को बुलाकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस का चलो पंचायत चलो वार्ड कार्यक्रम का आयोजन

### समस्तीपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू की गई तैयारी, समस्याओं का होगा समाधान

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिला युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को चलो पंचायत चलो वार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रितेश कुमार चौधरी व संचालन उजियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र कुंवर ने की।





सभा को संबोधित करते हुए रौशनी जयसवाल ने कहा कि चलो पंचायत चलो वार्ड कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण रूप से मजबूत करना है । इस तरह के कार्यक्रमों से हम जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उनके निराकरण की दिशा में एक सार्थक पहल की जा सकती है।

गरीब दास ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें वार्ड स्तर तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर चुनाव में उतारना होगा तभी हम आगामी विधानसभा चुनाव जीत सकते हैं। वहीं, अबू तमीम ने कहा कि हम सभी लोगो को मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी। आज इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत को चुकी है जो निरंतर सभी पंचायतों एव वार्डों में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव रौशनी कौशल जयसवाल, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री शिव प्रकाश गरीब दास तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर, समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो अबू तमीम, उपाध्यक्ष देवेंद्र नारायण झा, महासचिव मुकेश कुमार चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मो० मोहिउद्दीन ने भाग लिया।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा राम विलास राय, चंदन कुमार, फैज अहमद फैज, सोहैल सिद्दीकी, सुशांत वत्स, बनारसी देवी आदि लोग मौजूद रहें।

# 50 हजार का इनामी अपराधी उपदेश यादव गिरफ्तार

### सुपौल में फाइनेंस कर्मी की हत्या का खुलासा, कट्टा और बाइक बरामद

**सुपौल।** सुपौल के फाइनेंस कर्मी अरविंद कुमार की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी उपदेश यादव और उसके साथी मो. रईस को गिरफ्तार किया है। 6 फरवरी को अपराधियों ने प्रतापगंज थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किया हैं। सुपौल एसपी शैशव यादव ने मंगलवार की दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले की जानकारी दी।





***हत्या कर शव को फेंक दिया गया था***

एसपी ने बताया कि 6 फरवरी को प्रतापगंज थाना क्षेत्र के सितुहर गांव में भेंगा धार के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव की पहचान बेलही वार्ड नंबर-3 निवासी रामचरण रजक के बेटे अरविंद कुमार के रूप में की है। शुरूआती जांच में पता चला कि अरविंद की गोली मारकर हत्या की गई थी और शव को सूनसान इलाके में फेंक दिया गया था।

***तकनीकी जांच से अपराधियों तक पहुंची पुलिस***

शैशव यादव ने बताया कि हत्या की गंभीरता को देखते हुए वीरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने इस मामले में संलिप्त अपराधियों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने 10 फरवरी को 50 हजार के इनामी अपराधी जरैला, त्रिवेणीगंज निवासी उपदेश यादव और मचहा सौराजन, प्रतापगंज निवासी मो. रईस को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

***भागने की फिराक में थे अपराधी***

पूछताछ में पता चला कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी जिले से बाहर भागने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस ने समय रहते इन्हें धर-दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी शैशव यादव ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।




# फिजियोथैरेपी वक्त की मांग

**कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथैरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।**

फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

## काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के



अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

## बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे हैं और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

## योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते हैं, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि



तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

## व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वहीं है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

## पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में टेनी फिजियोथैरपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते हैं।

# डायटीशियन
## कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थों को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते हैं ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती हैं और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्णपरिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते हैं। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं हैं, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है।पोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ़ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रहीं हैं।




# करांटे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

करांटे निहत्थे लड़ने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को करांटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक करांटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं करांटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। करांटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

करांटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। करांटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक करांटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

करांटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। करांटे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते हैं। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमेंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं।जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी



जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। करांटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गईं और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल करांटे की ट्रेनिंग देते हैं। 1970 में करांटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्राचीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) करांटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। करांटे खेल भी, कला भी करांटे निहत्थे लड़ने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को करांटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक करांटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं करांटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। करांटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। करांटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। करांटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।



### स्वरोजगार
# कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुंपये ( 5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला हे। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियॉं इस्तेमाल हो रही हैं।

पिछले पॉंच वर्षों से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडिस्ट्रयल पेपर और स्पेस्लिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है ओर यह उत्सावर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ हैं और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह हे कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।




# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवी परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजेक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़-1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक-124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110007

# तीसरे एकदिवसीय को जीतकर क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी इंग्लैंड को हराकर 3-0 से सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनों ही मैचों में जीत से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे इस मैच में मिलेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी दूसरे एकदिवसीय में आक्रामक शतक लगाकर लय में आ गये हैं जिसका लाभ भी भारतीय टीम को मिलेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले होने वाले इस मैच में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट पहले दोनों ही मैच में असफल रहे हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने पहले दोनों मैचों के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में इस मैच में बदलाव भी हो सकता है। ऐसे में पहले दोनों ही मैचों में विफल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की जगह पर ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। कप्तान रोहित ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। ऐसे में विराट भी इस बार बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली के पास इस मैच में अपने 14000 रन पूरे करने का भी अवसर है। उन्हें इसके लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारतीय टीम ने का प्रदर्शन अब तक इस सीरीज में सभी क्षेत्रों में अच्छा रहा है। नये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी प्रभावित किया है हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दूसरे एकदिवसीय में लय में नहीं दिखे और उनकी गेंदों पर काफी रन गये। ऐसे में वह भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस एकदिवसीय से वापसी करनी थी पर वह अभी तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। वहीं मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर भी अच्छी पारी खेलना चाहेंगे।

ऑलराउंडर अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी पांचवें नंबर पर अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों के सहायक विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के पास ये जीत दर्ज करने का अंतिम अवसर है। उसने दूसरे एकदिवसीय में जोस बटलर की कप्तानी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और 300 से ज्यादा रन बनाये थे पर इसके बाद भी उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाये थे।

उसे इस मैच में जीत के लिए सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी संभावनाओं को झटका लगा है। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी इस बार भी वे ऐसा ही करना चाहेंगे। जो रूट भी बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद के साथ ही मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर को भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।



**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

# तीसरे एकदिवसीय में राहुल को शायद ही जगह मिले




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के लिए बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किये जाने की संभावनाएं बेहद कम हैं। राहुल अब तक हुए दोनों ही एकदिवसीय मैच में रन नहीं बना पाये हैं। भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में अब तीसरे मैच में बदलावों के साथ उतर सकती है।

राहुल लंबे समय से अच्छी पारी खेल पाने में विफल रहे हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट प्रारूप में भी वह रन नहीं बना पाये थे। वहीं अब एकदिवसीय में भी उनका बल्ला खामोश है। सीरीज के दोनों ही मैचों में राहुल को नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया पर राहुल ने लगातार दोनों मैचों में निराश किया। राहुल के बल्लेबाजी क्रम को लगातार बदलने से भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेले गए पहले एकदिवसीय में राहुल 9 गेंद खेलकर सिर्फ 2 रन बना पाए थे। वहीं दूसरे एकदिवसीय में भी राहुल 14 गेंद खेलकर केवल 10 रन ही बना पाये। ऐसे में अब तीसरे मैच में उनकी जगह पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। ऋषभ एक मैच विनर बल्लेबाज हैं और इसके साथ उनके आने से टीम को दाएं-बाएं संयोजन भी मिलता है। ऋषभ पिछले दो मैच से बाहर हैं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा : शास्त्री



**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। इसलिए अन्य टीमों को जीत दर्ज करने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पाक टीम मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतरेगी। शास्त्री के अनुसार घरेलू हालातों में पाक टीम खतरनाक साबित हो सकती है। पाक 1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करेगा। शास्त्री ने कहा, जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा ही दबाव होता है। फिर चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान क्योंकि सभी को अपनी टीमों से काफी उम्मीदें होती हैं पर मुझे लगता है कि पाक ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उसे लाभ मिल सकता है। शास्त्री ने कहा कि पाक टीम इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। साथ ही कहा कि एक बार नॉकआउट में पहुंचने के बाद वह खतरनाक साबित होगी। शास्त्री ने कहा, उन्हें शीर्ष पर युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी पर उसके बल्लेबाज क्रम में पर्याप्त गहरायी है। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे काफी अधिक खतरनाक होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की शास्त्री की बातों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में बदलाव ला सकती है। साबित हो सकती है। पोंटिंग ने कहा कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा, बाबर हाल के वर्षों में बेहतर नहीं खे पाये हैं पर अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा।

# अगले सप्ताह घोषित हो सकता है आईपीएल 2025 का पूरा कार्यक्रम

**–21 मार्च को होगी शुरुआत, 25 मई को खेला जाएगा फाइनल**




**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए पूरा कार्यक्रम अगले सप्ताह घोषित किया जा सकता है। आईपीएल की शुरुआत अगले माह 21 फरवरी से होगी और इसका फाइनल मुकाबला 25 मई को होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के अनुसार हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले दो प्लेऑफ मैच खेले जाएंगे जबकि फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस बार दिल्ली कैपिटल्स अपने दो घरेलू मैच विजाग में खेलेगी। वहीं आईपीएल चैंपियन राजस्थान रॉयल्स भी अपने दो घरेलू मैच किसी तटस्थ स्थल पर खेलेंगी हालांकि ये स्थल कौन सा होगा अभी ये तय नहीं किया गया है। इस बार आईपीएल में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता नियमों का पालन करना होगा। पहले आईपीएल के अपने नियम थे पर अब ये आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार चलेगी।

ऐसे में 10 आईपीएल टीम नये सत्र में एक नए रूप में दिखेंगी। इसके लिए हुई नीलामी में कुल 182 खिलाड़ियों को 639.15 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इस बार आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत पर सबकी नजरें रहेंगी। ऋषभ को लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। वहीं दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी श्रेयस अय्यर बने थे। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

# डब्ल्यूपीएल में यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करेंगी दीप्ति




मुम्बई । 14 फरवरी से शुरु होने वाली महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा (डब्ल्यूपीएल) में दीप्ती शर्मा यूपी वॉरियर्स की कप्तानी करती दिखेंगी । इसका कारण है कि एलिसा हीली फिट नहीं होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं । दीप्ति ने पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है । 14 फरवरी से महिला प्रीमियर लीग शुरु होगी । महिला प्रीमियर लीग के पहले दो सत्र में खास प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली यूपी वॉरियर्स का लक्ष्य इस बार बेहतर प्रदर्शन करना है । इसी कारण उसने दीप्ति को कप्तानी सौंपी है । दीप्ति महिला प्रीमियर लीग में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं । उनका पिछले दो सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है । वह टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है । दीप्ति की इस टीम में ताहलिया मैक्ग्रा, चमारी अट्टापट्टू, ग्रैस हैरिस जैसी कुछ शानदार खिलाड़ी है ।

# शून्य की हैट्रिक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पांचवे बल्लेबाज बने लैथम



लाहौर । न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम यहां पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मुकाबले में शून्य पर ही आउट हो गये । लैथम अपने लगातार तीसरे मैच में ही शून्य पर ही आउट हुए । इस प्रकार वह शून्य की हैट्रिक लगाने वाले पांचवे किवी बल्लेबाज बने हैं । उनसे पहले टोनी ब्लेन (1986), डैनी मॉरिसन (1990), रिचर्ड डी ग्रोएन (1994), एडम पारोर (2001) एकदिवसीय में शून्य पर आउट हुए थे । शून्य की हैट्रिक लगाने वालों में भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले, जहीर खान, ईशांत शर्मा और सूर्यकुमार यादव भी शामिल हैं । टॉम लैथम ने अपना एकदिवसीय डेब्यू 3 फरवरी 2012 को डुनेडिन में जिम्बाब्वे के खिलाफ किया । उन्होंने अब तक 143 एकदिवसीय की 132 पारियों में 4,044 रन बनाये हैं । उनकी बल्लेबाजी औसत लगभग 34.85 रही है जबकि स्ट्राइक रेट-86.1 है । उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 145 रन हैं जो उन्होंने 25 नवंबर, 2022 को ईडन पार्क, ऑकलैंड में भारत के खिलाफ बनाया था । उनके 7 शतक और 15 अर्धशतक हैं । उनके नाम एक ऐसा रिकार्ड भी है जिससे वह भूलना चाहेंगे । वह एकदिवसीय प्रारुप में रिकार्ड 15 बार शून्य पर पेवेलियन लौटे हैं ।

# जहीर खान को नजर आई टीम इंडिया में गड़बड़, बोले– यह अच्छी बात नहीं

मुम्बई । भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने अत्यधिक लचीलेपन को लेकर टीम इंडिया और उनके मुख्य कोच गौतम गंभीर को चेतावनी देते हुए दावा किया है कि अंतिम एकादश में लगातार कटौती और बदलाव से खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 2 वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी में अक्सर अलग-अलग शुरुआती संयोजन आजमाए हैं, दोनों में मेन इन ब्लू ने जीत हासिल की। जहां यशस्वी जयसवाल ने नागपुर में पहले वनडे में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की, वहीं कटक में दूसरे मैच में शुभमन गिल ने भारत के कप्तान के साथ साझेदारी की। इसके बारे में श्रेयस अय्यर ने पहला वनडे खत्म होने के बाद कहा था कि जयसवाल और रोहित ने ही ओपनिंग करनी थी। यह पहले से ही तय था। ऐसा नहीं था कि विराट कोहली टीम में नहीं है तो ऐसा होगा। विराट घुटने की चोट के कारण श्रृंखला के शुरुआती मैच से चूक गए जिसके चलते श्रेयस अय्यर को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया। एक बार जब कोहली दूसरे वनडे के लिए प्लेइंग इलेवन में लौटे, तो जयसवाल को पूरी तरह से बाहर कर दिया गया। हालांकि, ञ20ब्रु श्रृंखला में ऐसा नहीं था, जहां संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा नियमित आधार पर भारत के लिए ओपनिंग करते थे। जहीर मानते हैं कि टीम के लिए लचीलापन महत्वपूर्ण है लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम में संतुलन भी होना चाहिए। 46 वर्षीय गेंदबाज ने कहा कि आपने कहा था कि आपको लचीलापन रखना होगा। नंबर एक और दो रहेंगे, लेकिन बाकी लचीले होंगे। उस लचीलेपन के अंतर्गत, कुछ नियम भी लागू होते हैं। कुछ प्रोटोकॉल हैं जिनका आपको पालन करना होगा। कुछ संचार की आवश्यकता है, जो चीजों को सुव्यवस्थित करेगा।



# इसी साल आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार खत्म कर सकता है दक्षिण अफ्रीका: स्मिथ




**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** पिछले साल सभी प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका के शानदार प्रदर्शन से प्रभावित पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को यकीन है कि अपनी मेजबानी में 2027 पुरूष वनडे विश्व कप खेलने से पहले ही वे आईसीसी ट्रॉफी के लिए लंबा चला आ रहा इंतजार खत्म कर देंगे। एसए 20 लीग कमिश्नर स्मिथ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम चैम्पियंस ट्रॉफी या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतकर इस इंतजार को खत्म कर देंगे। लेकिन अगर दक्षिण अफ्रीका अपनी सरजमीं पर विश्व कप जीतता है तो यह शानदार होगा।'

महज 22 वर्ष की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बनने के बाद बतौर कप्तान 54 टेस्ट जीत दिलाने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट इकोसिस्टम को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे ताकि 2027 वनडे विश्व कप तक हम प्रबल दावेदार रहें।' दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया जहां 11 से 15 जून तक लार्ड्स पर उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका पुरूष और महिला टी20 विश्व कप और इस साल की शुरूआत में अंडर 19 महिला विश्व कप में उपविजेता रहा।

स्मिथ ने इन आलोचनाओं को भी खारिज किया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है।'


'क्लब बनाम देश' की बहस पर स्मिथ का मानना है कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है लेकिन सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। दक्षिण अफ्रीका के लिए 117 टेस्ट में 9265 रन बना चुके स्मिथ ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा।'

दुनिया भर में शुरू हो रही फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम इसे ओलंपिक में भी देखेंगे। इसने काफी दर्शक बनाए हैं। मुझे लगता है कि फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट में आखिर में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीन चार लीग बचेंगी और शायद एक टू टियर सिस्टम। भविष्य में सभी सदस्य देशों को साथ मिलकर एक दूसरे को मजबूत रखना होगा।'

उन्होंने कहा कि शेड्यूलिंग भी अहम है जिससे राजस्व का प्रवाह बना रहता है अन्यथा व्यावसायिक रूप से टेस्ट क्रिकेट भारी दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा, 'शेड्यूलिंग से भी राजस्व मॉडल पर फर्क पड़ता है। भारत का उदाहरण लीजिये जो काफी टूर करता है और दूसरे देशों में राजस्व का प्रवाह बना रहता है लेकिन अगर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश एक दूसरे से ही खेलते रहे और अफ्रीकी या दूसरे देशों से नहीं खेलेंगे तो कठिन हो जाएगा क्योंकि टेस्ट क्रिकेट व्यावसायिक तौर पर दबाव में है।'

उन्होंने कहा, 'अगर आप देखें कि पैसे का प्रवाह कैसा है और खर्च कितने हैं तो इससे टेस्ट क्रिकेट पर दबाव रहेगा। इसके लिये साथ काम करके ऐसा मॉडल बनाना जरूरी है कि सभी प्रारूप बने रहें और फलते फूलते रहें।'

# पंकज आडवाणी ने अपने नाम किया राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब, हासिल किया 36वां गोल्ड मेडल



नई दिल्ली । भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने नाम एक और उपलब्धि कर ली है। दरअसल, पंकज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंदौर के यशवंत क्लब में अपना 36वां राष्ट्रीय खिताब और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब हासिल किया । शुरुआती झटके से उबरते हुए फाइनल में पंकज ने ब्रिजेश दमानी को हराया, जहां ब्रिजेश दमानी शुरुआत में कामयाब रहे लेकिन पूरे मैच में उन्होंने लगातार प्रयास किए । बता दें कि इस टूर्नामेंट से एशियाई और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए एकमात्र चयन किया जाता है । दरअसल, फाइनल मैच में आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया और इस फ्रेम के साथ ही मैच और चैंपियनशिप अपने नाम कर दी । थी आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा कि ये एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा । इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था । बता दें कि, दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था, लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए । दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे । पंकज आडवाणी ने आगे कहा कि यहां गोल्ड जीतने के बाद काफी अच्छा महसूस हो रहा है । जब 48वें मैच का राउंड चल रहा था तो मैं एक समय प्रतियोगिता से बाहर होने के कगार पर था । तब मुझे पता चला कि इस अहम पल का मतलब कुछ बड़ा होना चाहिए । बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में फिर से भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर खुश हूं ।

# इंग्लैंड दौरे में फिर मिल सकता है सरफराज को अवसर



नई दिल्ली । घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला पर वह चोटिल हो गए हैं । ऐसे में अब वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में भी नहीं खेल पायेंगे हालांकि उनके नॉकआउट मैचों के लिए फिट होने की संभावना है । उन्हें पसलियों में हल्का फेक्चर है । यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया में फील्डिंग करते समय लगी । भारत लौटने पर उनका स्कैन कराया गया जिसमें पसली में हल्का फेक्चर है । भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है । तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है । सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा । सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था । उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है । ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं । सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है । उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला । सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है । उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है । इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं ।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाये रखने टीम में बदलाव न करें : बांगर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसर एकदिवसीय मैच के लिए भारतीय टीम में बदलाव नहीं किया जाना चाहिये । भारतीय टीम को तीन मैचों की इस सीरीज में पहले ही 2-0 से अजेय बढ़ती मिली हुई है । ऐसे में माना जा रहा है कि इस मैच में भारतीय टीम में बदलाव किया जा सकता है पर बांगर का मानना है कि निरंतरता और स्थिरता बनाये रखने के लिए टीम में बदलाव सही नहीं रहेगा । सीरीज के अंतिम मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका दिए जाने की संभावना है । वहीं बांगर का मानना है कि आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखने के लिए टीम को अपनी अंतिम ग्यारह को बदलना नहीं चाहिये । बांगर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यशस्वी जायसवाल को खेलने की जरूरत है । अगर योग्यता है, तो आप अर्शदीप सिंह या ऋषभ पंत को खेला सकते हैं, लेकिन केवल एक मैच बचा है, इसलिए मौजूदा एकादश के साथ जारी रखना ही अच्छा रहेगा । पहले दो मैच में असफल रहे केएल राहुल को लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं और उनकी विकेटकीपिंग ठीक रही है । उन पर भरोसा करना होगा । बांगर ने कहा कि दूसरे एकदिवसीय में रोहित और शुभमन गिल की साझेदारी से ही मैच भारतीय टीम के पक्ष में आया । भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना भी बांगर के विचारों से सहमत नजर आये । साथ ही कहा कि अगर टीम मोहम्मद शमी को आराम देना चाहती है, तो अर्शदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है ।

# बुमराह के बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर होगा : चोपड़ा

**मुम्बई (एजेंसी)।** (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह अगर चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलते हैं तो भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो जाएगा। आकाश के अनुसार ऐसे में भारतीय टीम अपने ग्रुप में सबसे कमजोर गेंदबाजी आक्रमण वाली टीम बन जाएगी। बुमराह की पीठ में एंठन हैं ऐसे में उनका चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है।

चोपड़ा ने कहा कि हाल के दिनों में किसी भी अन्य तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है और इससे चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा है कि मोहम्मद शमी ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। शमी ने चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है और उन्होंने केवल कुछ ही मैच खेले हैं।

चोपड़ा ने कहा, शमी अपनी वापसी के बाद भी लय में नहीं आ पाए हैं। उनकी गति में गिरावट आई है।

बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिला। हर्षित ने पुरानी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पहले पावरप्ले के अंदर उनके प्रदर्शन ने सवाल खड़े कर दिए हैं। हर्षित पर फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावरप्ले में काफी रन बनाये हालांकि अपने आक्रामक रुख से बाद में इस गेंदबाज ने विकेट निकाल लिये थे।

चोपड़ा ने कहा, हर्षित राणा के साथ समस्या यह है कि वह महंगे हैं। उनके पास अनुभव की कमी साफ दिखाई देती है। कटक की पिच पर आपको स्टंप पर अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करने की जरूरत थी, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए।



# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को तगड़ा झटका

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को तगड़ा झटका लगा है। आईएमएफ ने सरकारी अधिकारियों की संपत्ति घोषणा में छूट और मोहलत देने के पाकिस्तान के अनुरोध को खारिज कर दिया है। इसके बाद संघीय सरकार में संशोधित सिविल सेवक अधिनियम पर परामर्श शुरू हो गया है। इसे इसी माह आईएमएफ के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। पाकिस्तान के समाचार पत्र द नेशन की खबर के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि आईएमएफ की तकनीकी टीम ने कैबिनेट डिवीजन, प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय और कानून मंत्रालय सहित प्रमुख संस्थानों के साथ बैठकें की हैं। टीम ने पाकिस्तान पर वित्तीय स्थितियों के अनुरूप बेंचमार्किंग पूरा करने के लिए दबाव डाला है। आईएमएफ की तकनीकी टीम की आपत्ति के बाद अब संशोधित ढांचे के तहत मुल्क के सरकारी अधिकारियों को अपनी संपत्ति का खुलासा करना होगा। इसमें पति, पत्नी और बच्चों के आय के स्रोत और पावर ऑफ अटॉर्नी का विवरण देना होगा। आईएमएफ ने इन संपत्तियों के सार्वजनिक खुलासे पर भी जोर दिया है। इसमें विदेशों में रखी संपत्ति का विवरण भी देना होगा। पाकिस्तान ने आईएमएफ से इस पर छूट देने का अनुरोध किया है। आईएमएफ ने कड़ा रुख अपनाते हुए सरकारी अधिकारियों की संपत्ति घोषणा की निगरानी और उसके सार्वजनिक करने के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना की भी मांग की है। आईएमएफ टीम 6 फरवरी से पाकिस्तान में है। उसका दौरा 14 फरवरी को पूरा होगा। आईएमएफ की तकनीकी टीम का दौरा पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज के संदर्भ में हुआ है।




# साइबर अपराध रोकने के लिए एआई का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान की योजना बना रही सरकार : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान करने की योजना बना रही है। गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और रिजर्व बैंक तथा अन्य सभी बैंकों के साथ समन्वय से म्यूल अकाउंट्स की पहचान की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास जारी है। म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें के मंत्र के बारे में जानकारी देकर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया जा सके। गृहमंत्री ने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1 लाख 43 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 करोड़ से अधिक लोगों ने इस पोर्टल का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से 805 ऐप्स और 3266 वेबसाइट-लिंक को आई4सी की सिफारिश पर ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही 6 लाख से अधिक संदिग्ध डेटा साझा किया गया, 19 लाख से अधिक म्यूल खाते पकड़े गए और 2038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं। उल्लेखनीय है कि म्यूल अकाउंट-धोखाधड़ी के जरिए कमाए गए पैसे को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बैंक खाते को कहते हैं। अमित शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य साइबर अपराध के मामलों और उनकी एफआईआर को शून्य करना है। साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनाई है, जिसमें अभिसरण, समन्वय, संचार और क्षमता शामिल है। इन सभी को स्पष्ट उद्देश्यों और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के भीतर अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया गया है, जिससे निर्बाध संचार और सूचना का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ है। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, सीईआरटी-आईएन, आई4सी और दूरसंचार और बैंकिंग जैसे विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा के कारण कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है। गृहमंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और समिति के सभी सदस्यों से आई4सी हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार करने का अनुरोध किया। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाओं की पेशकश करते हुए एक-बिंदु समाधान प्रदान करती है।



## श्रीलंका में अभूतपूर्व बिजली संकट

**कोलंबो :** श्रीलंका में नोरोचोलाई पावर प्लांट के ठप पड़ जाने से बिजली संकट गहरा गया है। द्वीप के कई जिलों में कम से कम शुक्रवार तक शॉर्ट पावर कट लगाए जाने की आशंका है। नोरोचोलाई पावर प्लांट की अभी पूरी तरह मरम्मत नहीं हो सकी है। इसके बाद उसे मुख्य ग्रिड से जोड़ा जाएगा। इस बीच कोयला बिजली संयंत्र को भी जल्द से जल्द ठीक करने के प्रयास जारी हैं। इस पूरी कवायद में एक हफ्ते तक का समय लग सकता है। डेली मिरर ने सरकारी स्वामित्व वाले बिजली उत्पादक और आपूर्तिकर्ता सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रविवार से देश को बिजली की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सवा दो करोड़ आबादी वाले देश के कई जिलों में बिजली कटौती की जा रही है। ऊर्जा मंत्रालय ने रविवार को हुए देशव्यापी ब्लैक आउट को गंभीरता से लिया है। मंत्रालय ने इसकी जांच का आदेश दिया है। श्रीलंका के बिजली और ऊजार्मंत्री कुमारा जयकोडी ने ब्लैकआउट के लिए एक बंदर को जिम्मेदार ठहराया है।

# ईडी ने स्टील कंपनी मालिक की 210 करोड़ की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

**कोलकाता :** बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्टील कंपनी कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड के मालिक संजय सुरेका की 210 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली है। उन पर छह हजार करोड़ रुपये से अधिक के बैंक घोटाले का आरोप है। ईडी ने उनकी संपत्तियों के अलावा विदेशी कारें और करीब 4.5 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के आभूषण भी जब्त किए हैं। ईडी की जांच में सामने आया कि संजय सुरेका ने 11 सरकारी बैंकों और पांच वित्तीय संस्थानों से हजारों करोड़ रुपये का कर्ज लिया और उसे चुकता नहीं किया। इस मामले में सीबीआई ने पहले ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। सोमवार देर रात जारी बयान में ईडी का कहना है कि संजय सुरेका ने अपने कर्मचारियों और परिचितों के नाम पर कई फर्जी कंपनियां बनाई थीं, जिनका इस्तेमाल कर्ज की रकम को इधर-उधर करने में किया गया। इतना ही नहीं, उनकी कंपनी ने शेयर बाजार में अपनी कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 2022 में पहली बार उनके खिलाफ 3,280 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था, जो बाद में बढ़कर करीब छह हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। दिसंबर 2024 में ईडी ने सुरेका के दक्षिण कोलकाता स्थित बालीगंज वाले घर पर छापा मारा था। उस दौरान उनके घर से दो करोड़ रुपये नकद और 4.5 करोड़ रुपये के आभूषण बरामद किए गए थे। साथ ही, दो महंगी विदेशी कारें भी जब्त की गई थीं। छापेमारी के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

# सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रांची में लॉन्च किया पहला एवरलाइट शोरूम

एजेंसी

**पटना :** देश का प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स देशभर में हूपिंग काउंट के आधार पर 172 से अधिक शो रूम के साथ एक ज्वेलरी ब्रांड है। यह अपनी 85 सालों की मजबूत विरासत और पूर्वी भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड के रूप में जाना जाता है। ब्रांड को लगातार चौथे साल टीआरए द्वारा भारत का दूसरा सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड घोषित किया गया है। 2024 में इसे मोस्ट डिजायर्ड ज्वेलरी ब्रांड की मान्यता मिली और डेलॉइट की ग्लोबल लक्जरी गुड्स लिस्ट में इसने 78वीं रैंक हासिल की। यह उपलब्धि इसे अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों से कहीं आगे रखती है। रांची के पासा हाउस, सर्कुलर रोड, लालपुर में स्थित यह नया और भव्य एवरलाइट शोरूम 1500 वर्गफुट में फैला हुआ है। इसका शानदार और आधुनिक वातावरण ग्राहकों को यूनिक और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा। शोरूम के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ, सुवंकर सेन ने कहा, हमें पासा हाउस, रांची में अपने नए शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि हम मध्य भारत में अपना विस्तार कर रहे हैं। बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार की गई हमारी बेहतरीन ज्वेलरी को अब हम इस शहर के ग्राहकों के लिए ला रहे हैं। पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइन तक, हमारी ज्वेलरी सुंदरता और शिल्पकला का एक शानदार मेल हैं, जो पिछले 85 वर्षों से हमारी पहचान रही है। रांची सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइज पार्टनर श्री हरी शंकर परसरमपुरिया ने कहा, हमें फ्रेंचाइजी पार्टनर के रूप में सेंको गोल्ड और डायमंड्स परिवार का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो अपनी गुणवत्ता, बेहतरीन कारीगरी और भरोसे के लिए जाना जाता है।



# देश में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 10 साल में 10 लाख होने की उम्मीद : पीयूष गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 साल में पंजीकृत सरकारी स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है। फिलहाल 2016 में 450 की तुलना में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं। केंद्रीय मंत्री ने यहां आयोजित भारत-इजराइल बिजनेस फोरम मीट को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम अब दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं, जो 450 पंजीकृत स्टार्टअप से बढ़कर आज नौ साल में 1.57 लाख हो गए हैं। अगले 10 सालों में हम इसे दस लाख तक ले जाने की उम्मीद करते हैं। यहां कंपनियों के लिए बड़े कारोबारी अवसर मौजूद हैं। गोयल ने कहा कि इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के साथ भारत-इजराइल व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय विकास यात्रा और आर्थिक वृद्धि, भारत-इजराइल के बीच स्थायी रणनीतिक साझेदारी और दोनों देश कृषि-तकनीक, वित्त और उभरती हुई प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ कैसे उठा सकते हैं। उन्होंने भारत के अवसर पर प्रकाश डाला, जिसमें सहयोग, नवाचार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं और दोनों देशों के व्यवसाय एक साथ कैसे बढ़ सकते हैं और आपसी प्रगति में योगदान दे सकते हैं। दरअसल देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरूआत की गई थी। अभी 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। इस पहल के तहत सरकार ने अपनी प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में पात्र मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की है। इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय इजरायली व्यापार प्रतिनिधिमंडल, भारत-इजराइल व्यापार मंच और भारत-इजराइल सीईओ मंच की बैठकों के लिए यहां आया हुआ है। दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं।



## एक नजर

### लॉटरी पर केवल राज्य सरकार लगा सकती है सर्विस टैक्स, केंद्र नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन और ऑफलाइन लाटरी टिकट पर लगने वाले जीएसटी पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि लॉटरी पर केवल राज्य सरकार ही टैक्स लगा सकती, केन्द्र द्वारा सर्विस टैक्स नहीं लगाया जा सकता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केंद्र की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें दावा किया गया था कि वह सर्विस टैक्स लगाने की हकदार है। सुप्रीम कोर्ट ने सिक्किम हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि लॉटरी सट्टेबाजी और जुआ की श्रेणी में आती है जो राज्य सूची की प्रविष्टि 62 है और केवल राज्य सरकार ही कर लगा सकती है।

### गाजा पट्टी में फिर छिड़ सकता है युद्ध

**गाजा पट्टी :** गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच फिर लड़ाई छिड़ने के आसार हैं। हमास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हालिया रणनीतिक मुलाकात के बाद कड़ा संदेश दिया है। हमास ने सोमवार को कहा कि वह शनिवार को होने वाली बंधकों की रिहाई को फिलहाल स्थगित कर रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, हमास के सैन्य विंग के प्रवक्ता हुदैफा काहलौत उर्फ अबू ओबेदा ने कहा कि इजराइल ने तीन हफ्तों में समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया है। इजराइल के रक्षा बल गाजा में मानवीय सहायता के प्रवाह में बाधा डाल रहे हैं। गाजा पट्टी के उत्तर में लौटने वाले फिलिस्तीनियों को निशाना बना रहे हैं। ओबेदा ने चेतावनी दी है कि फिलहाल 73 बंधकों की रिहाई अगली सूचना तक स्थगित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि हमास ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल से 251 लोगों को बंधक बनाया था। उनमें से 178 को अब तक हुए समझौते के तहत रिहा किया जा चुका है।

### वैलेंटाइन वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाका

**मुंबई :** फरवरी का पहला हफ्ता मूवी और वेब सीरीज लवर्स के लिए बेहद खास रहा। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई नई फिल्म व सीरीज जारी की गईं। अब फरवरी का दूसरा सप्ताह शुरू हो गया है। यह दूसरा सप्ताह वैलेंटाइन सप्ताह है। इस हप्ते आप घर बैठे ही कई रोचक फिल्म और वेब सीरीज देख सकेंगे। थ्रिलर, क्राइम, रोमांस और एक्शन से भरपूर कई फिल्में और सीरीज इस हफ्ते विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इस हप्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज इस प्रकार हैं। बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' एक रोमांटिक फिल्म है। यह अभिनेत्री सुचित्रा कृष्णमूर्ति की बेटी कावेरी कपूर की फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म होगी। यह फिल्म 11 फरवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। माकोसीनी लिव पर 'मार्को' एक मलयालम फिल्म रिलीज हो रही है, जिसमें उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें दर्शकों को एक गैंगस्टर की कहानी देखने को मिलेगी। यह फिल्म 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर सोनी लिव पर रिलीज होगी। धूम धाम यामी अपनी आगामी फिल्म 'धूम धाम' को लेकर सुर्खियों में हैं। 'धूम धाम' का प्रीमियर 14 फरवरी, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में दो आपस में विमान टकराया एक की मौत, चार घायल



**वाशिंगटन :** अमेरिका में सोमवार को दो निजी विमानों की टक्कर में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डे के प्रवक्ता केली कुएस्टर ने कहा कि ऑस्टिन से आने वाला एक लियरजेट 35ए रन-वे में पहले से खड़े एक जेट से टकरा गया। ऐसा प्रतीत होता है कि लियरजेट का बायां मुख्य गियर लैंडिंग के समय विफल हो गया। स्कॉट्सडेल हवाई अड्डा फीनिक्स से लगभग 22 मील उत्तर पूर्व में स्थित है। यूएसए टुडे के अनुसार, सोमवार दोपहर को स्कॉट्सडेल अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता कैप्टन डेव फोलियो ने हादसे में एक व्यक्ति के मरने और चार अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बयान में पुष्टि की है कि एयरजेट 35ए लैंडिंग के बाद रन-वे पर फिसल गया और दोपहर 2:45 बजे के आसपास एरिजोना के स्कॉट्सडेल म्यूनिसिपल एयरपोर्ट पर खड़े गल्फस्ट्रीम 200 बिजनेस जेट से टकरा गया। लियरजेट पर चार और गल्फस्ट्रीम पर एक व्यक्ति सवार था। इस लियरजेट के मालिक प्रमुख गायक विंस नील हैं। गनीमत यह रही कि विंस उसमें सवार नहीं थे। नील के विमान में दो पायलट और दो यात्री सवार थे। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले वाशिंगटन डीसी में एक यात्री जेट और अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर की हवा में टक्कर में 67 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलाडेल्फिया में एक मेडिकल जेट दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। इससे पहले अलास्का में एक विमान दुर्घटना में 10 लोग मारे गए थे।

### मॉब लिंचिंग पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में मॉब लिंचिंग पीड़ितों के लिए एक समान मुआवजे देने की मांग करने वाली याचिका पर कोई भी आदेश देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम दिल्ली में बैठ कर देशभर में मॉब लिचिंग के मामलों की मॉनिटरिंग नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति पीड़ित है तो कानून के अनुसार सक्षम न्यायालय से संपर्क कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह राज्य और कोर्ट का अधिकार है कि वो मुआवजा तय करे। कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि कानून को लागू करने के सवाल पर उन राज्यों के हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करनी चाहिए, जिन राज्यों ने इस कानून को लागू नहीं किया है। कोर्ट ने पूछते हुए कहा कि मॉब लिंचिंग के मामलों में उचित मुआवजा क्या होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को साधारण चोट लगती है और दूसरे को गंभीर चोट लगती है, तो उन दोनों को एक समान मुआवजे का निर्देश अन्यायपूर्ण होगा। ऐसे में यह हर मामले में अलग-अलग होगा और ऐसे में कोई एक समान निर्देश जारी नहीं किया जा सकता, अगर ऐसा किया जाता है तो इसका मतलब होगा कि अधिकारियों या अदालतों के पास उपलब्ध उनके विवेकाधिकार को खत्म करने जैसा होगा। केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने तहसीन पूनावाला मामले में दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। भारतीय न्याय संहिता के तहत भी इसे अपराध घोषित किया गया है। कानून को अपना काम करने देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जब घटनाएं होती है तब राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करें कि ऐसी घटना न हो और अगर ऐसी घटना होती है तो फिर मुकदमा चलाए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सुप्रीम कोर्ट में व्यक्तिगत मामलों पर गौर किया जा सकता है।

### एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है 'फुल ऑन इश्क' फिल्म फेस्टिवल

**मुंबई :** इस प्यार भरे मौसम में, एंड पिक्चर्स आपके लिए लेकर आया है फुल ऑन इश्क, एक खास फिल्मी सफर, जो 9 से 14 फरवरी तक हर दोपहर मोहब्बत का नया एहसास कराएगा। हर दिन आपको देखने को मिलेंगी ऐसी कहानियां, जो इश्क के हर रंग को महसूस कराएंगी। इस रोमांटिक सफर का बेहतरीन अंजाम होगा 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे किसको था पता के चैनल प्रीमियर के साथ। यह एक ऐसी फिल्म है, जो प्यार की अनजानी, जुनूनी और हैरतअंगेज परिभाषा को सामने लाती है। वैलेंटाइन्स डे पर इससे बेहतर फिल्म और क्या होगी। किसको था पता एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जिसका निर्देशन रत्ना सिन्हा ने किया है। फिल्म की कहानी रायपुर की खूबसूरत गलियों में घूमती है और इसमें मोहब्बत, जुनून और दर्द का दिलचस्प ताना-बाना बुना गया है। फिल्म में अशनूर कौर, अक्षय ओबेरॉय और आदिल खान अहम किरदारों में हैं। यह कहानी श्रेया (अशनूर कौर) पर आधारित है, जो प्यार और जज्बातों के मुश्किल सफर से गुजरती है। देवांश (अक्षय ओबेरॉय) का किरदार दिल टूटने की तकलीफ और उससे उबरने की जद्दोजहद दिखाता है, वहीं धैर्य (आदिल खान) एक बिंदास बाइकर है, जो प्यार को अपने ही अंदाज में जीता है। फिल्म मोहब्बत, तकदीर और ज़िंदगी के फैसलों की दिलचस्प दास्तान पेश करती है। डायरेक्टर रत्ना सिन्हा कहती हैं, किसको था पता, प्यार की अनिश्चितता में डूबती-उतरती एक गहरी कहानी है। यह जज्बात, फैसलों और तकदीर के उस खेल के बारे में बात करती है, जो हमारे रिश्तों को आकार देते हैं। प्यार हमेशा आसान नहीं होता, और यह फिल्म उसके अनछुए पहलुओं को खूबसूरती से दिखाती है। मुझे खुशी है कि दर्शक इस कहानी को वैलेंटाइन्स डे पर एंड पिक्चर्स पर देखेंगे, क्योंकि यही वह दिन है, जब हम इस एहसास का जश्न मनाते हैं। अशनूर कौर कहती हैं, श्रेया की कहानी खुद को समझने, दिल टूटने और मजबूत बनने की है। यह किरदार हर किसी को अपनी मोहब्बत की किसी न किसी याद से जोड़ देगा, चाहे वह पहली बार दिल लगाने की खुशी हो या फिर उसे खोने का दर्द। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जज्बाती सफर था, और मैं चाहती हूँ कि दर्शक इससे उसी गहराई से जुड़ें, जैसे मैंने किया। एंड पिक्चर्स हमेशा शानदार कहानियां लाता है, और किसको था पता ऐसी ही एक फिल्म है, जो लोगों के दिलों में बस जाएगी।

### शेख हसीना की पार्टी के पूर्व सांसद माजिद को जेल भेजा गया

**ढाका :** देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग के पूर्व सांसद एडवोकेट माजिद खान को आज हत्या के एक मामले में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने हबीगंज-2 निर्वाचन क्षेत्र (बनियाचोंग-अजमिरीगंज) के पूर्व सांसद माजिद को कल ढाका के फार्मगेट इलाके से गिरफ्तार किया था। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माजिद को ढाका पुलिस ने गिरफ्तार कर बनियाचोंग पुलिस स्टेशन को सौंपा था। बनियाचोंग पुलिस ने उन्हें हबीगंज कोर्ट के समक्ष पेश किया। बनियाचोंग थाना प्रभारी गुलाम मुस्तफा के अनुसार, हबीगंज अदालत के मुख्य वरिष्ठ न्यायाधीश अब्दुल अली ने माजिद को जेल भेजने का आदेश पारित किया। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद माजिद पिछले साल पांच अगस्त को सरकार विरोधी आंदोलन के दौरान नौ लोगों की हत्या से जुड़े मामले में दूसरे आरोपित हैं। पूर्व सांसद माजिद पर रिपन शील की हत्या के आरोप का भी एक मामला है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**